हरिभूमि
मालवा भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, बुधवार 23 सितंबर 2026
[देवास | शाजापुर | शुजालपुर | कालापीपल | नलखेड़ा | कानड़ | आगर मालवा | ललितपुर | मंदसौर]

04 लोन, ऑनलाइन ट्रेडिंग, सस्ते मोबाइल लैपटॉप के नाम पर की लाखों की ठगी



07 अधिवक्ता सुरक्षा अधिनियम को तत्काल लागू करने की उठी मांग



राधे-कृष्ण का किया मनोहारी श्रृंगार, नगरवासियों ने दर्शन कर की पूजन आरती

शहर में जलझूलनी एकादशी पर आकर्षक फूलडोल का निकाला चल समारोह











हरिभूमि न्यूज ⏭ नलखेड़ा

डोल ग्यारस पर्व पर विभिन्न राधा कृष्ण मंदिरों से भगवान का मनमोहक व आकर्षक श्रृंगार कर फूलडोल का चल समारोह नगर में निकाला गया। स्थान- स्थान पर भक्तों ने भगवान की पूजन आरती की एवं प्रसादी चढ़ाई। मंदिरो में विभिन्न धार्मिक आयोजन भी हुए। सांवरी सूरत पे मोहन दिल दीवाना हो गया, सांवरिया ले चल बल्डी पार, छोटी-छोटी गईया छोटे- छोटे ग्वाल छोटा सा मेरा मदन गोपाल जैसे कृष्ण भजनो के साथ मंगलवार को नगर के प्राचीन श्री सांवलिया नाथ मंदिर, नामदेव समाज के श्रीनाथ मंदिर, सेन समाज के मुरली मनोहर मंदिर, चौथमल जी के मंदिर, चारधाम मंदिर जायसवाल कॉलोनी, स्वर्णकर समाज के राधा-कृष्ण मंदिर, विश्वकर्मा समाज, पाटीदार समाज, कसेरा समाज के नयापुरा मंदिर, गवलीपुरा, डोकरपुरा, रामपुरा, काछीपुरा, मुखर्जी मार्ग स्थित रणछोड़ मंदिर सहित 18 मंदिरों से दोपहर 3 बजे फूलडोल के चल समारोह प्रारंभ हुए।

सभी स्थानों से निकले फूलडोल को आकर्षक सजावट कर सजाए गए थे। वहीं बेवान (पालकी) में भगवान श्री कृष्ण व राधा रानी की प्रतिमा को मनोहारी रूप से श्रृंगारित कर विराजित किया गया था। नगर के रामपुरा मोहल्ले के निवासियों ने सुसज्जित रथ में भगवान को पालकी में विराजित कर चल समारोह निकाला गया । चल समारोह मार्ग पर श्रद्धालुओं ने भगवान के दर्शन कर पूजन आरती की सभी फूलडोल अपने-अपने मंदिरो से चौक बाजार पर पहुंचे जहां शाम 5 बजे तक सभी फूलडोल श्रद्धालुओं के लिए दर्शनार्थ रखे गए।



खीर का किया वितरण

स्थानीय चौक बाजार में पाटीदार युवा संगठन तथा रॉयल फ्रेंड्स ग्रुप द्वारा फूलडोल में शामिल श्रद्धालुओं के लिए खीर वितरण का कार्यक्रम रखा गया जहां पर बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं द्वारा खीर की प्रसादी का लाभ लिया। चौक बाजार में गणपति उत्सव के मंच से प्रतिवर्ष अनुसार इस बार भी समाजसेवी रामकरण चौधरी मेम्बर द्वारा नगर के 32 मंदिरों के पुजारियों का सम्मान कर उन्हें तिलक लगाकर श्रीफल व साफा बांध कर स्वागत किया गया।श्री पाटीदार गत 20 वर्षों से यह सम्मान करते आ रहे हैं। चौक बाजार से सभी फूलडोल चल समारोह के रूप में गणेश दरवाजा, शिवाजी चौराहा, मां बगलामुखी मंदिर मार्ग होते हुए मां बगलामुखी मंदिर के पीछे स्थित लखुंदर नदी पर पहुंचे। जहाँ सभी बेवान में विराजित भगवान का स्नान करवाया गया। स्नान पश्चात सभी बेवान को घाट पर रखकर महाआरती की गई। उसके बाद सभी बेवान मां बगलामुखी के बाहर स्थित डोम में पहुंचे जहां पर विशेष पूजन आरती की गई। यहां से सभी फूलडोल अपने-अपने निर्धारित स्थानों पर रात्रि में पहुंचे जहां पर आरती के साथ प्रसादी का वितरण किया गया। वापसी मार्ग पर स्थान स्थान पर महिलाओं द्वारा भगवान की गोद भराई के साथ आरती की गई। सभी बेवान के लखुंदर नदी के तट पर पहुंचने व भगवान का स्नान करवाने के बाद विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल द्वारा लखुंदर मैय्या की महाआरती की गई।

उत्साहपूर्वक मनाया फूलडोल पर्व, अखाड़े के साथ निकला भव्य चल समारोह



हरिभूमि न्यूज ⏭ कानड़

मंगलवार को नगर में डोल ग्यारस के अवसर पर फूलडोल पर्व उत्साह और श्रद्धा के साथ मनाया गया। इस अवसर पर नगर में फूलडोल का भव्य चल समारोह डीजे, ढोल-नगाड़ों और अखाड़े के साथ निकाला गया। नगर के विभिन्न मंदिरों से निकले आकर्षक फूलडोल में बाल-गोपाल श्रीकृष्ण विग्रह रूप में विराजमान रहे। श्रद्धालुओं ने जगह-जगह भगवान श्रीकृष्ण की पूजा-अर्चना कर आशीर्वाद लिया। डोल ग्यारस के अवसर पर नगर के विभिन्न प्रमुख मंदिरों से प्रतिवर्ष फूलडोल निकाले जाते हैं। इसी परंपरा के तहत मंगलवार को बजरंग मोहल्ला स्थित प्राचीन बड़ा राम मंदिर, राजवाड़ा स्थित राम मंदिर, मालवीय मोहल्ला स्थित राम मंदिर, कन्या शाला स्थित राम मंदिर, राधा-कृष्ण मंदिर, दर्जी मोहल्ला स्थित राम मंदिर, ब्राह्मण मोहल्ला स्थित नरसिंह मंदिर, जोशी जी का कृष्ण मंदिर एवं सदर बाजार स्थित राधा-कृष्ण मंदिर सहित अन्य मंदिरों से फूलडोल निकाले गए।



राजवाड़ा से प्रारंभ हुआ चल समारोह

फूलडोल चल समारोह का शुभारंभ राजवाड़ा से हुआ। सुसज्जित डोलों में भगवान श्रीकृष्ण विराजमान थे। वहीं आर्यवीर दल अखाड़े के कलाकारों ने विभिन्न हैरतअंगेज करतब प्रस्तुत किए। डीजे, ढोल-नगाड़ों की थाप के बीच पहलवानों ने लठ्ठबाजी और मुकदलों के प्रदर्शन से लोगों का ध्यान आकर्षित किया। नगर के प्रमुख चौराहों पर मलखंभ पर भी पहलवानों ने शानदार करतब दिखाए।चल समारोह के दौरान अखाड़े के उस्तादों और पहलवानों का नगरवासियों, नेताओं एवं जनप्रतिनिधियों व मुस्लिम समाज द्वारा जगह-जगह स्वागत किया गया। फूलडोल के बिजासन माता मंदिर स्थित टंकी जलाशय पहुंचने पर मंदिर के पुजारियों द्वारा डोल में विराजित भगवान श्रीकृष्ण की विधि-विधानपूर्वक पूजा-अर्चना की गई। इसके बाद आरती कर प्रसाद का वितरण किया गया। नगर भ्रमण के दौरान प्रमुख चौराहों पर महिलाओं ने भी डोल में विराजित भगवान श्रीकृष्ण की पूजा-अर्चना की।

तेजाजी महाराज के मेला ग्राउंड से अतिक्रमण हटाने सौंपा ज्ञापन



नलखेड़ा। तहसील के ग्राम पडाना में स्थित तेजाजी महाराज के मेला ग्राउंड पर हो रहे अतिक्रमण को हटाने की मांग का एक ज्ञापन ग्रामवासियों द्वारा स्थानीय तहसीलदार को सौपा गया। मंगलवार को ग्राम पडाना के ग्रामवासियों द्वारा सौपे गए ज्ञापन में बताया गया कि प्रतिवर्ष ग्राम में स्थित तेजाजी महाराज के मंदिर के समीप स्थित प्राथमिक विद्यालय के ग्राउंड पर तेजा दशमी पर धार्मिक मेला लगता है। इस ग्राउंड पर कुछ लोगों द्वारा अतिक्रमण कर लिया गया है जिसके कारण मेले में आने वाली दुकानों व ग्रामीणों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। इस वर्ष भी आयोजित मेले में अतिक्रमण के कारण भारी परेशानी आई है। ज्ञापन में बताया कि अतिक्रमणकर्ताओं से अतिक्रमण हटाने का बोलते है तो वे अभद्र व्यवहार करते है और जहर खा कर फसाने की धमकी देते है। ज्ञापन में शासकीय प्राथमिक विद्यालय के ग्राउंड जहाँ तेजाजी महाराज का धार्मिक मेला लगता है पर से अतिक्रमण हटाने की मांग की गई है।

राज्य स्तरीय बेसबॉल प्रतियोगिता में उज्जैन संभाग ने जीता कांस्य पदक



मंदसौर। भोपाल में आयोजित 70वीं राज्य स्तरीय 17 वर्ष आयु वर्ग बेसबॉल प्रतियोगिता 2026 में मंदसौर जिले के प्रतिभावान खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए उज्जैन संभाग की टीम को कांस्य पदक दिलाने में महत्वपूर्ण योगदान दिया। प्रतियोगिता में उज्जैन संभाग की बालिका टीम ने सागर संभाग को पराजित कर कांस्य पदक अपने नाम किया। मंदसौर जिले की चंचल सूर्यवंशी (कप्तान), वंशिका, लक्ष्मी खत्री, तनुजा, दिव्यांशी माली, प्रिया, कृष्णा, अनीता, खुशी एवं दीपिका ने उज्जैन संभाग की टीम का प्रतिनिधित्व करते हुए पूरे टूर्नामेंट में उत्कृष्ट खेल कौशल, अनुशासन एवं टीम भावना का परिचय दिया। बालक एवं बालिका वर्ग में जिले के खिलाड़ियों के प्रदर्शन ने मंदसौर को गौरवान्वित किया। टीम के साथ लोक शिक्षण संचालनालय के रेफरी ओमप्रकाश सूर्यवंशी, दल प्रबंधक राजेश कुमार नाडिया, मुख्य कोच मनोहर घारू तथा सहायक कोच अजय प्रजापत, श्री हरिश बागड़ी, आकाश रैकवार, महेंद्र बागड़ी, विपिन राव एवं किरणबाला का महत्वपूर्ण मार्गदर्शन एवं सहयोग रहा।

राज्यपाल थावरचंद गेहलोत आज नलखेड़ा में



नलखेड़ा। कर्नाटक के महामहिम राज्यपाल थावरचंद गेहलोत का आज बुधवार को मां बगलामखी की पावन नगरी में आगमन होगा। श्री गेहलोत माता मंदिर पर दर्शन पूजन के पश्चात नलखेड़ा कानड़ मार्ग पर ग्राम नजरखेड़ा स्थित स्वास्तिक एंटरप्राइजेस पेट्रोल पंप का भव्य शुभारंभ प्रात 11:30 बजे अपने कर कमलों से करेंगे। नगर के लोढ़ा तथा मित्तल परिवार द्वारा स्थापित इस पेट्रोल पंप के संचालक मुकेश लोढ़ा ने जानकारी देते हुए बताया कि राज्यपाल श्री गेहलोत कार द्वारा नलखेड़ा पहुंचेंगे। जहां माता मंदिर पर दर्शन पूजन उपरांत नलखेड़ा कानड़ मार्ग पर नजर खेड़ा में नवीन भारत पेट्रोल पंप का शुभारंभ करेंगे। नगर आगमन पर श्री गेहलोत का नगर के गणमान्य नागरिकों के साथ भाजपा के पदाधिकारीयों एवं कार्यकर्ताओं द्वारा आत्मीय स्वागत किया जाएगा।

भोपाल में स्वर्णकार समाज रत्न अवार्ड से सम्मानित हुए कारूलाल सोनी

हरिभूमि न्यूज ⏭ मंदसौर



मप्र की राजधानी भोपाल में नर्मदा क्लब सभागार में स्वर्णकार समाज की महापंचायत का आयोजन किया गया। जिसमें स्वर्णकार समाज की 28 दर्रो ने भाग लिया। उक्त आयोजन में मुख्य अतिथि के रूप में भोपाल दक्षिण पश्चिम के विधायक भगवानदास सबनानी, भोपाल की महापौर मालती राय, हिन्दी ग्रंथ एकादमी के संचालक अशोक कडेल एव मप्र स्वर्णकार पंचायत के अध्यक्ष एवं पूर्व महापौर सागर अभय दरें उपस्थित थे।

इस अवसर पर मंदसौर के प्रसिद्ध समाजसेवी एवं अभा मेढ क्षत्रिय स्वर्णकार समाज रजि नई दिल्ली के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष कारूलाल सोनी का स्वर्णकार समाज की विभिन्न संस्थाओं, संगठनों में अनेक पदों पर रहते हुए 51 वर्ष पूर्ण करने पर स्वर्णकार समाज रत्न अवार्ड से सम्मानित किया गया।

इस अवसर पर उपस्थित अतिथियों ने श्री सोनी का समाज रत्न स्मृति चिन्ह, शॉल एवं श्री फल से सम्मान किया। इस मौके पर श्री सोनी ने कहा कि स्वर्णकार समाज प्रगति करें इसके लिए निरंतर प्रयासरत है। पुष्करजी तीर्थ में स्वर्णकार समाज का सर्वसुविधायुक्त अजमीढ भवन बनाया जा रहा है एक भाग बनकर पूर्ण हो चुका है जिसमें महाराजा अजमीढ जी का भव्य मंदिर भी बनाया जा चुका है। आज भी हम सरकार से तीन प्रमुख मांगें कर रहे कि स्वर्णकला बोर्ड की जगह स्वर्णकार आयोग का गठन किया गया जाये। लूट की बढ़ती घटनाओं को देखते हुए स्वर्णकार और सर्राफा व्यापारियों को शस्त्र लायसेंस प्रदान किये जाये। राजनीति में हिस्सेदारी सुनिश्चित कि जाये। इन मांगों को लेकर जिला स्तर पर रैली निकालकर कलेक्टर को ज्ञापन सौंपे जायेंगे जो पूरे प्रदेश में होगे। वही स्वर्णकार समाज के प्रतिनिधियो का बड़ा अधिवेशन भोपाल में करना सुनिश्चित किया गया जिसमें 1 लाख स्वर्णकारो को भोपाल में बुलाकर भव्य रैली का आयोजन किया जायेगा।

जनसुनवाई में कलेक्टर दिव्यांक ने की 82 आवेदकों की सुनवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ मंदसौर



मंगलवार को जिला स्तरीय जनसुनवाई के दौरान कलेक्टर दिव्यांक सिंह द्वारा जनसुनवाई करते हुए 82 विभिन्न आवेदनों में संबंधित विभागों के अधिकारियों को समय सीमा में निराकरण के निर्देश जारी किए गए। जनसुनवाई के दौरान आए ग्राम अनुपुरा निवासी गिरधारी ने पट्टे की भूमि का कब्जा दिलवाने के संबंध में आवेदन प्रस्तुत किया। जिस पर जनपद सीईओ मल्हारगढ़ को जांच कर आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए। रणायरा निवासी जुवानसिंह ने भूमि का इंद्राज दुरूस्त करवाने के संबंध में आवेदन प्रस्तुत किया। जिस पर एसडीएम मल्हारगढ़ को जांच कर उचित कार्यवाही करने के निर्देश दिए गए। सिहोर निवासी राकेश ने पट्टे के संबंध में आवेदन दिया। जिस पर तहसीलदार मंदसौर को जांच कर कार्यवाही करने के निर्देश दिए गए। इसके अतिरिक्त जनसुनवाई में फीस माफ करवाने, वृद्धा पेंशन चालु करवाने, आवासीय भूमि का पट्टा दिलवाने, प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ दिलवाने, फसल बीमा दिलवाने, अनुदान राशि दिलवाने एवं रेतम बैराज डेम भू-अर्जन नवीन निर्माण करवाने जैसे विविध प्रकार के आवेदन प्राप्त हुए।

शासन की योजना की मदद से अनीता बनी आत्मनिर्भर

मंदसौर। मंदसौर जिले के धुंधडका की रहने वाली अनीता बामनिया शासन की योजना की मदद से आत्मनिर्भर बन गई है। अनीता ने अपने परिवार की खराब आर्थिक स्थिति को देखते हुए अपने स्तर पर भी कुछ अच्छा करने की ठानी परंतु पूंजी के अभाव में कुछ करना संभव नहीं था। इसी बीच उन्होंने शासकीय विभाग से संपर्क किया जिला अंत्योदय सहकारी विकास समिति कार्यालय से उन्हें संत रविदास रोजगार योजना की जानकारी मिली। शासकीय कर्मियों द्वारा सकारात्मक सहयोग करते हुए योजना की पूर्ण जानकारी दी गई। अनीता ने वर्ष 2025-26 में संत रविदास स्वरोजगार योजना में समस्त पोर्टल के माध्यम से ऑनलाइन आवेदन किया उनका आवेदन स्वीकृत होकर सेंट्रल बैंक आफ इंडिया से 8 लाख रूपये ऋण राशि हितग्राही को वितरण की गई। योजना से वित्तपोषित सहायता मिलने पर अनीता द्वारा स्वयं का जनरल स्टोर धुंधडका में प्रारंभ किया गया।

बगलामुखी हादसे को लेकर आज से धरना प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ⏭ नलखेड़ा



मां बगलामुखी मंदिर पर हुए दर्दनाक हादसे के लिए जिम्मेदार अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई करने, नाले की पुलिया की ऊंचाई बढ़ाने सहित विभिन्न मांगों को लेकर मां बगलामुखी भक्त मंडल द्वारा बुधवार से बगलामुखी मंदिर परिसर में धरना प्रदर्शन शुरू किया जाएगा। इसके बाद नगर बंद और चक्काजाम जैसे चरणबद्ध आंदोलन किए जाने की चेतावनी दी गई है। आंदोलन को लेकर मंगलवार को मुख्यमंत्री के नाम का ज्ञापन तहसीलदार के बाबू को सौपा गया। नगर स्थित विश्व प्रसिद्ध मां बगलामुखी मंदिर पर शुक्रवार-शनिवार की दरमियानी रात दर्शन के लिए आए श्रद्धालुओं की कार नाले में बह जाने से आठ लोगों की मौत हो गई थी। हादसे के बाद घटना की जवाबदेही तय कर संबंधित दोषियों के खिलाफ कार्रवाई करने, नाले की पुलिया की ऊंचाई बढ़ाने तथा भविष्य में इस प्रकार की घटना की पुनरावृत्ति रोकने के लिए मंदिर क्षेत्र की व्यवस्थाओं में सुधार की मांग उठाई गई है। इन मांगों को लेकर सर्वसमाज द्वारा शनिवार को प्रदेश के मुख्यमंत्री के नाम अनुविभागीय अधिकारी को ज्ञापन सौंपा गया था। ज्ञापन में तीन दिन के भीतर कार्रवाई नहीं होने पर चरणबद्ध आंदोलन की चेतावनी दी गई थी। इसी के तहत बुधवार से मां बगलामुखी भक्त मंडल द्वारा मंदिर परिसर में धरना प्रदर्शन प्रारंभ किया जाएगा।

दोषी अधिकारियों पर कार्रवाई की मांग

मां बगलामुखी भक्त मंडल के सदस्यों ने आरोप लगाया कि 19 सितंबर को हुई घटना प्रशासन की लापरवाही के कारण हुई। उन्होंने घटना की जवाबदेही तय कर संबंधित अधिकारी के खिलाफ गैर इरादतन हत्या का मामला दर्ज करने की मांग की है। इसके साथ ही मंदिर मार्ग पर स्थित नाले की पुलिया की ऊंचाई तत्काल बढ़ाने, समुचित प्रकाश व्यवस्था करने, सीसीटीवी कैमरे लगाने तथा सुरक्षा व्यवस्था मजबूत करने की मांग की गई है। मंदिर परिसर क्षेत्र में तत्काल पुलिस चौकी स्थापित करने की भी मांग रखी गई है। भक्त मंडल ने मंदिर परिसर में शुद्ध पेयजल, स्वच्छता तथा सुविधा घर की समुचित व्यवस्था किए जाने की मांग की है।

निःशक्तजनों को रोजगार-स्वरोजगार के अवसरों की जानकारी दी

दिव्यांगता किसी व्यक्ति की क्षमता-प्रतिभा में बाधा नहीं है

हरिभूमि न्यूज ⏭ दलौदा /मंदसौर





शासकीय महाविद्यालय दलौदा में करियर मार्गदर्शन प्रकोष्ठ के तत्वावधान में अंतर्राष्ट्रीय मूक-बधिर सप्ताह के अवसर पर ह्लनिःशक्त जनों के लिए रोजगार एवं स्वरोजगार के अवसरह्व विषय पर करियर मार्गदर्शन सेमिनार का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य दिव्यांग एवं मूक-बधिर व्यक्तियों को शिक्षा, रोजगार, स्वरोजगार तथा आत्मनिर्भरता के उपलब्ध अवसरों के प्रति जागरूक करना रहा। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय की वरिष्ठ प्राध्यापक माधुरी पाटीदार ने की। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में महाविद्यालय के क्रीड़ा अधिकारी डॉ. रजाक मेवा फ़रोश ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि दिव्यांगता किसी व्यक्ति की क्षमता और प्रतिभा में बाधा नहीं है। उचित मार्गदर्शन, प्रशिक्षण, कौशल विकास एवं सकारात्मक दृष्टिकोण के माध्यम से निःशक्तजन विभिन्न क्षेत्रों में रोजगार प्राप्त कर आत्मनिर्भर बन सकते हैं। उन्होंने रोजगार के साथ-साथ स्वरोजगार, कौशल विकास, खेल एवं अन्य व्यावसायिक क्षेत्रों में उपलब्ध संभावनाओं पर भी प्रकाश डाला।

डॉ. गजराज सिंह पंड्या ने अपने संबोधन में दिव्यांगजनों के अधिकारों, समान अवसर तथा समाज में उनकी सक्रिय भागीदारी के महत्व पर विचार व्यक्त किए। उन्होंने कहा कि समाज का दायित्व है कि दिव्यांगजनों को सम्मानजनक वातावरण, अवसर और आवश्यक सहयोग उपलब्ध कराया जाए, ताकि वे अपनी प्रतिभा का पूर्ण उपयोग कर सकें। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहीं माधुरी पाटीदार ने अंतर्राष्ट्रीय मूक-बधिर सप्ताह के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि मूक-बधिर व्यक्तियों के प्रति संवेदनशीलता, समानता और सहयोग की भावना विकसित करना आवश्यक है। उन्होंने विद्यार्थियों से आह्वान किया कि वे दिव्यांगजनों के प्रति सकारात्मक दृष्टिकोण रखते हुए उन्हें मुख्यधारा से जोड़ने में अपनी भूमिका निभाएं। सेमिनार में विद्यार्थियों को रोजगार प्राप्त करने के लिए आवश्यक कौशल, आत्मविश्वास, व्यावसायिक प्रशिक्षण तथा स्वरोजगार की संभावनाओं के संबंध में उपयोगी जानकारी प्रदान की गई।

खबर संक्षेप

वरिष्ठ पत्रकार लोधी से मिले पठान, स्वास्थ्य की ली जानकारी



सोनकच्छ। अंतर्राष्ट्रीय मानव अधिकार आयोग के प्रदेश अध्यक्ष नियाजुद्दीन पठान ने गत दिवस सोनकच्छ पहुंचकर वरिष्ठ पत्रकार एवं समाज सेवी सलीम लोधी से मुलाकात की। इस दौरान पठान ने सलीम लोधी से आत्मीय मुलाकात की और उनके स्वास्थ्य एवं उपचार को लेकर चर्चा की। उन्होंने परिजनों से भी स्वास्थ्य संबंधी जानकारी ली। मुलाकात के दौरान दोनों के बीच विभिन्न सामाजिक एवं पत्रकारिता से जुड़े विषयों पर भी चर्चा हुई।

महाआरती में शामिल हुईं नप अध्यक्ष बघेल



सोनकच्छ। श्री जयेश्वर महादेव मित्र मंडल, पंडित सेरी, वार्ड क्रमांक 11 के तत्वावधान में सोमवार रात भगवान गणेश की महाआरती एवं भव्य श्याम संकीर्तन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में नगर परिषद अध्यक्ष एवं महिला कांग्रेस जिला अध्यक्ष श्रुति कृष्णपाल सिंह बघेल शामिल हुईं।बघेल ने भगवान गणेश की महाआरती की। इसके बाद बाबा श्याम की ज्योत प्रज्वलित कर श्याम संकीर्तन का शुभारंभ किया। उन्होंने स्वयं श्याम भजन प्रस्तुत किया, जिस पर श्रद्धालु भक्तिभाव में झूम उठे।इसके बाद भजन गायक अमित राणावत, यशवंत चावड़ा, हरिओम सोनी, वैष्णवी मेहता एवं वर्षा गुप्ता ने बाबा श्याम एवं भगवान गणेश की भक्ति से ओतप्रोत भजनों की प्रस्तुतियां दीं।

विधायक चौधरी का किया अभिनंदन

देवास। हाटपिपलिया विधानसभा क्षेत्र के लोकप्रिय विधायक मनोज चौधरी को भारतीय जनता पार्टी अनुसूचित जाति मोर्चा के जिला उपाध्यक्ष राहुल राठौर ने माता जी की चुनरी ओढ़ाकर अभिनंदन किया। इस दौरान राहुल राठौर ने विधायक मनोज चौधरी को जन्मदिन की शुभकामनाएं प्रेषित करते हुए उनके स्वस्थ, सुखद एवं उज्ज्वल जीवन की कामना की।

सायबर ठगी के संगठित गिरोह पर बड़ी कार्रवाई, सात आरोपी गिरफ्तार

लोन, ऑनलाइन ट्रेडिंग, सस्ते मोबाइल लैपटॉप के नाम पर की लाखों की ठगी

ऑपरेशन FAST 2.0 के तहत देवास पुलिस ने संगठित सायबर ठगी गिरोह के विरूद्ध को प्रभावी कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास



सायबर ठगी के खिलाफ चलाए जा रहे ऑपरेशन FAST 2.0 के तहत देवास पुलिस ने संगठित सायबर ठगी गिरोह का खुलासा करते हुए सात आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार आरोपी देवास जिले के अलग-अलग स्थानों से सायबर ठगी के लिए कॉल सेंटरनुमा गतिविधियां संचालित कर रहे थे। गिरोह ने देश के अलग-अलग हिस्सों में लोगों को निशाना बनाकर छह मामलों में करीब 10 लाख रुपए की ठगी की है।राज्य सायबर पुलिस मुख्यालय भोपाल से प्राप्त छह शिकायतों की जांच के लिए एसपी पुनीत गेहलोद के निर्देश पर विशेष टीम गठित की गई थी। जांच में संदिग्ध मोबाइल नंबरों और उनसे जुड़े सिम कार्ड की जानकारी खंगालने पर गिरोह का पता चला।

पुलिस के अनुसार आरोपी स्वयं तथा अन्य लोगों के नाम से सिम कार्ड लेकर उनका उपयोग सायबर फ्रॉड में करते थे।पुलिस पूछताछ में आरोपी अजय परमार ने अपने नाम से छह सिम कार्ड के जरिए लोगों को लोन दिलाने के नाम पर ठगी करना बताया। वहीं नितिन बगानिया ने अपने नाम की दो सिम सहित अन्य लोगों की सिम अपने साथी विशाल को देने की बात कबूली। इन सिम को आगे राजकुमार तक पहुंचाया गया, जिसके माध्यम से ऑनलाइन ट्रेडिंग के नाम पर लोगों को झांसे में लेकर ठगी की गई।इसी तरह आरोपी अजय बागवान ने अपने नाम की 5-6 सिम और अन्य लोगों की सिम अभिषेक कुमावत को देने की जानकारी दी। पुलिस के मुताबिक अभिषेक ने अंकित कुमावत के साथ मिलकर इंस्टाग्राम पर फर्जी आईडी बनाई और सस्ते दाम में मोबाइल व लैपटॉप बेचने का झांसा देकर लोगों से ठगी की।पुलिस ने बताया कि गिरोह के खिलाफ पहले भी दिल्ली सायबर क्राइम पुलिस द्वारा अलग-अलग कंपनियों की 398 सिम कार्ड जब्त की जा चुकी हैं। इस संबंध में वर्ष 2025 में दिल्ली के आईजीआई एयरपोर्ट थाने में मामला दर्ज हुआ था। देवास के औद्योगिक क्षेत्र थाने में आरोपियों के खिलाफ अपराध क्रमांक 835/2026 के तहत धारा 318(4) बीएनएस और 66(ग) आईटी एक्ट में प्रकरण दर्ज किया गया है।गिरफ्तार आरोपियों में अजय परमार, अजय बागवान, नितिन बामनिया, अभिषेक कुमावत, विशाल गौड़, राजकुमार उर्फ छोटू गौड़ और अंकित कुमावत शामिल हैं। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से घटना में प्रयुक्त मोबाइल फोन, सिम कार्ड और अन्य दस्तावेज जब्त किए हैं। आरोपियों को रिमांड पर लेकर अन्य वारदातों के संबंध में पूछताछ की जा रही है।कार्रवाई थाना प्रभारी औद्योगिक क्षेत्र अमित सोलंकी के नेतृत्व में उप निरीक्षक गौरव नगावत, सउनि हितेन्द्र चंद्रवंशी सहित पुलिस टीम और सायबर सेल के प्रधान आरक्षक सचिन चौहान व शिवप्रताप सिंह सेंगर ने की।

नृसिंह घाट पर तीन बार तैरी पाषाण प्रतिमा

हजारों श्रद्धालु बने साक्षी



हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

हाटपीपल्या में डोल ग्यारस के अवसर पर भगवान नृसिंह की भव्य शोभायात्रा निकाली गई। आरती के बाद भगवान नृसिंह को डोल में विराजित किया गया। इस दौरान पुलिस द्वारा भगवान नृसिंह को गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया।

इसके बाद लक्ष्मीनारायण, राधाकृष्ण, राम, सत्यनारायण और कृष्ण मंदिरों के डोल भी नृसिंह मंदिर पहुंचे।बैंड-बाजे, डीजे और ढोल-ताशों के साथ शोभायात्रा नगर के विभिन्न मार्गों से होती हुई शाम को नृसिंह घाट पहुंची। यहां सभी मंदिरों के डोल को नदी के जल में झुलाकर घाट पर रखा गया। इसके बाद आरती की गई। डोल ग्यारस के आयोजन का प्रमुख आकर्षण भगवान नृसिंह की पाषाण प्रतिमा को नदी के जल में तैराने की परंपरा रही। नृसिंह मंदिर के पुजारी ने प्रतिमा को नदी के जल में तीन बार छोड़ा। खास बात यह रही कि प्रतिमा तीनों बार पानी में तैरती रही।


इसे देखने के लिए हाटपीपल्या सहित दूर-दराज क्षेत्रों से हजारों श्रद्धालु घाट पर पहुंचे।बताया गया कि भगवान नृसिंह की प्रतिमा करीब साढ़े सात किलो वजनी ठोस पत्थर की है। प्रतिमा को प्रत्यक्ष रूप से नदी के पानी में तैरते देखने की परंपरा वर्षों से चली आ रही है। स्थानीय मान्यता के अनुसार प्रतिमा का तीनों बार तैरना आगामी वर्ष के सुखद रहने का संकेत माना जाता है। वहीं दो बार तैरने पर वर्ष के आठ माह सुखद रहने, एक बार तैरने पर सामान्य वर्ष तथा तीनों बार डूबने पर वर्ष में अनिश्चितताओं की मान्यता है। इस बार प्रतिमा के तीनों बार तैरने से श्रद्धालुओं में उत्साह और प्रसन्नता का माहौल रहा।

आदर्श विनायक परिसर में आनंद मेला हुआ आयोजित



देवास। आदर्श कॉलोनी, सिविल लाइंस स्थित आदर्श विनायक परिसर में भव्य आनंद मेले का आयोजन किया गया। मेले में विभिन्न प्रकार के स्टॉल लगाए गए, जहां बड़ी संख्या में लोगों ने अपने परिवार के साथ पहुंचकर मेले का आनंद लिया। घरेलू शुद्धता से तैयार किए गए विभिन्न स्वादिष्ट व्यंजनों का लोगों ने स्वाद चखा, वहीं जरूरत की विभिन्न वस्तुओं की खरीदारी भी की। संस्था सचिव दीपक बोरोले ने बताया कि इस वर्ष आयोजित आनंद मेले में करीब पांच हजार से अधिक लोगों ने सहभागिता की। आदर्श विनायक परिसर में बुधवार को डीआरवी इवेंट्स द्वारा भव्य भजन संध्या का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम में इंदौर, देवास और भोपाल से आए कलाकार अपनी शानदार प्रस्तुतियां देंगे। आयोजकों ने बताया कि भजनों के साथ फूलों की होली भी खेली जाएगी। आयोजकों ने शहरवासियों से सहपरिवार आदर्श विनायक परिसर पहुंचकर बप्पा के दरबार में भक्ति और भजनों का आनंद लेने का आग्रह किया है।

डोल ग्यारस पर मंदिरों से निकले भगवान श्रीकृष्ण के डोल



देवास। डोल ग्यारस के पावन पर्व पर मंगलवार को नागदा क्षेत्र में श्रद्धा, भक्ति और उत्साह का माहौल रहा। पर्व की परंपरा के अनुसार क्षेत्र के विभिन्न मंदिरों से भगवान श्रीकृष्ण के डोल आकर्षक रूप से सजाकर ढोल-धमाकों और भक्ति गीतों के साथ नगर भ्रमण के लिए निकाले गए। डोल यात्रा के दौरान श्रद्धालु 'हाथी घोड़ा पालकी, जय कन्हैया लाल की' के जयघोष लगाते हुए भक्ति में लीन नजर आए। गांव के वसूली पटेल गोपाल पटेल ने बताया कि प्रतिवर्ष की परंपरा के अनुसार इस वर्ष भी विभिन्न मंदिरों से भगवान श्रीकृष्ण के डोल निकाले गए। नगर भ्रमण के दौरान जगह-जगह श्रद्धालुओं ने डोल के दर्शन कर भगवान श्रीकृष्ण की पूजा-अर्चना की तथा सुख-समृद्धि की कामना की। इसके बाद सभी डोलों को पनवाड़ी तालाब ले जाया गया, जहां विधि-विधान और धार्मिक परंपराओं के अनुसार भगवान श्रीकृष्ण को स्नान कराया गया। तालाब पर डोलों के पहुंचने के साथ ही पूरा वातावरण भक्ति और जयघोष से गूंज उठा। स्नान के पश्चात सभी डोल एक साथ राधा-कृष्ण मंदिर पहुंचे। यहां महिलाओं ने श्रद्धा और भक्ति के साथ भगवान श्रीकृष्ण की गोद भराई की रस्म संपन्न की। इस दौरान मंदिर परिसर में महिलाओं सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे। कार्यक्रम के समापन अवसर पर भगवान श्रीकृष्ण की भव्य महाआरती की गई। श्रद्धालुओं ने सामूहिक रूप से आरती में शामिल होकर भगवान से क्षेत्र की खुशहाली, सुख-समृद्धि और परिवारों में मंगल की कामना की।

वंदे मातरम के 150 वर्ष पर राष्ट्रभक्ति का होगा महागान, बनेगा विश्व रिकॉर्ड

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास



राष्ट्रगीत 'वंदे मातरम' के 150 वर्ष पूर्ण होने के गौरवशाली अवसर पर 25 सितंबर 2026 को प्रातः 11 बजे सम्पूर्ण भारत में करोड़ो कंठो से एक साथ, एक स्वर और एक लय में सामूहिक वंदे मातरम् गायन का ऐतिहासिक महाअभियान आयोजित किया जाएगा। आयोजन को भव्य एवं ऐतिहासिक स्वरूप देने के लिए जिले की योजना बैठक 21 सितंबर को सम्पन्न हुई। बैठक देवास ग्राम भारती जिला कार्यालय, निर्माणाधीन स्थल, भोंसले कॉलोनी स्थित नातू प्रशिक्षण अनुसंधान केंद्र में आयोजित की गई। इसमें सामूहिक वंदे मातरम् गायन टास्क फोर्स, प्रधानाचार्य, प्राचार्य एवं संकुल प्रमुखों ने सहभागिता की। देवास नगर सहित जिले के समस्त सरस्वती शिशु मंदिरों में कार्यक्रम को व्यापक स्तर पर आयोजित करने की तैयारियों पर चर्चा की। बैठक में प्रांतीय उपाध्यक्ष गुरुचरण वर्मा, विष्णु आर्य, नरेंद्र पाटीदार, किशोर सिंह राजपूत एवं जसपाल सिंह सेंधव विशेष रूप से उपस्थित थे। बैठक के दौरान प्रांतीय सह सचिव विष्णु प्रसाद आर्य ने वंदे मातरम् के वास्तविक अर्थ एवं इसके ऐतिहासिक महत्व पर प्रकाश डाला। 25 सितंबर को सुबह 11 बजे देशभर में एक साथ करोड़ों कंठों से 'वंदे मातरम' का सामूहिक गायन कर इस आयोजन को ऐतिहासिक बनाने का प्रयास किया जाएगा।

आबकारी विभाग ने की कार्रवाई



हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

आबकारी विभाग द्वारा जिले में अवैध मदिरा के निर्माण, संग्रहण, परिवहन एवं विक्रय के विरुद्ध लगातार प्रभावी कार्यवाही की जा रही है। इसी क्रम में सोमवार को सहायक जिला आबकारी अधिकारी दिलीप कनासे के नेतृत्व में मुखबिर सूचना के आधार पर देवास शहर में अवैध रूप से मदिरा का परिवहन करते हुए दो व्यक्तियों को पकड़ा गया। आरोपियों के कब्जे से दो एक्टिवा वाहन तथा प्रत्येक के पास से एक-एक पेटी देशी मदिरा प्लेन, कुल 02 पेटी देशी मदिरा बरामद की गई।आबकारी विभाग द्वारा दोनों आरोपियों के विरुद्ध मध्यप्रदेश आबकारी अधिनियम, 1915 की धारा 34(1)(क) के तहत प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया है। कार्यवाही के दौरान जब्त की गई मदिरा एवं दोनों वाहनों का अनुमानित बाजार मूल्य लगभग 1 लाख 27 हजार रुपये है। कार्यवाही में आबकारी एसआई प्रेम यादव ,राजाराम रायकवार,दीपक धुरिया,आरक्षक सुरेन्द्र वर्शी आशीष गुप्ता निहाल खत्री,निकिता परमार,सविता सैनिक अनिल चौहान सम्मिलित रहे।

आवेदन पर आवेदन देने के बाद भी अब तक नहीं हुआ नामांतरण

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास



भूमि नामांतरण से जुड़ी समस्या के निराकरण की मांग को लेकर मंगलवार को कलेक्टर कार्यालय में आयोजित जनसुनवाई के दौरान जगदीश सिंह पिता करतारसिंह टुटेजा, निवासी चंद्रशेखर आजाद मार्ग, देवास ने सामाजिक कार्यकर्ता एवं कांग्रेस के वरिष्ठ नेता पं. रितेश त्रिपाठी के साथ आवेदन प्रस्तुत किया। आवेदन में बताया गया कि ग्राम सिंदनी, पटवारी हल्का नंबर 21, तहसील देवास स्थित भूमि सर्वे नंबर 444 में से भूमि विधिवत रजिस्टर्ड विक्रय लेख के माध्यम से क्रय की गई थी। भूमि क्रय करने के बाद नामांतरण के लिए नायब तहसीलदार, टप्पा विजयागंज मंडी, जिला देवास के समक्ष विधिवत आवेदन प्रस्तुत किया गया था, लेकिन उक्त आवेदन निरस्त कर दिया गया। प्रार्थी ने बताया कि मामले को लेकर कलेक्टर के समक्ष शिकायत प्रस्तुत की गई थी, लेकिन शिकायत दर्ज कराने के बाद काफी समय बीत जाने के बावजूद समस्या का निराकरण नहीं हो पाया है। उन्होंने कलेक्टर से आवेदन पर शीघ्र कार्रवाई करते हुए नामांतरण संबंधी शिकायत का न्यायहित में जल्द निराकरण कराने की मांग की। इस दौरान पं. रितेश त्रिपाठी ने जनसुनवाई व्यवस्था को लेकर कहा कि अधिकारियों द्वारा नागरिकों की समस्याओं की समय पर सुनवाई नहीं की जा रही है। उन्होंने कहा कि लोगों को अपनी समस्या लेकर बार-बार जनसुनवाई में आवेदन देने के लिए आना पड़ रहा है। त्रिपाठी ने कहा कि कई बार आवेदकों को मौके पर कलेक्टर से भी मुलाकात नहीं हो पाती। उन्होंने कहा कि यदि जनसुनवाई में आम नागरिकों की समस्याओं का समय पर निराकरण नहीं होता है तो ऐसी जनसुनवाई के औचित्य पर विचार किया जाना चाहिए।

चित्रकला और भाषण प्रतियोगिता संपन्न

हरिभूमि न्यूज ⏭ बागली



प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्मदिन के उपलक्ष्य में संचालित सेवा संकल्प अभियान अंतर्गत शा. क. हाई स्कूल में नगर परिषद अध्यक्ष सीमा कमल यादव के मुख्य आतिथ्य, स्कूल प्रबंध कमेटी अध्यक्ष पुष्पा वर्मा की अध्यक्षता, आरती शिवहरे, किरण काजलीया, जगदीश चांदना, अमर सिंह मंडलोई, दाखा कारपेंटर की उपस्थिति में बालिकाओं की चित्रकला और भाषण प्रतियोगिता आयोजित की गई। बालिकाओं ने उत्साह के साथ सहभागिता की। अतिथियों ने पुरूष्कृत कर प्रोत्साहित किया। इस अवसर पर महेश गोस्वामी, वासुदेव जोशी, नीशा योगी, सपना राठौर, निकिता सिसोदिया,मोहन पर्ते, महेंद्र आस्के, मनीषा सोलंकी आदि की सराहनीय भूमिका रही। संचालन शिक्षक दशरथ शर्मा ने किया तथा आभार गोस्वामी ने माना।

तेजाजी दशमी पर निकला चल समारोह, 108 दीपों से की महाआरती



चापडा। वीर तेजाजी दशमी पर क्षेत्र में सभी भगवान तेजाजी के मंदिरों में कई प्रकार के आयोजन हुए। इसी के चलते चापडा केहाटपीपल्या मार्ग पर स्थित तेजाजी मंदिर से चल समारोह प्रारंभ हुआ, जो कि नगर के प्रमुख मार्गों से होते हुए पुनः मंदिर पहुंचा। जहां पर 108 दीपों से महाआरती की गई। साथ ही प्रसादी का वितरण हुआ। बता दे की सभी नगर वासियों के सहयोग से प्रतिवर्ष तेजाजी दशमी पर चल समारोह निकालकर महा आरती की जाती है। ग्राम करौंदिया में राजस्थान से भगवान वीर तेजाजी की ज्योत लेकर ग्रामीण रविवार को करौंदिया पहुंचे। इसके पश्चात सोमवार के दिन दशमी पर नगर में निशान यात्रा आयोजित की गई।

अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन में अमलतास व मालवांचल यूनिवर्सिटी के चेयरमैन ने किया छात्रों से संवाद

विद्यार्थी दूरदर्शी सोच के साथ तय करें अपना लक्ष्यः भदौरिया

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास



आज के दौर में छात्रों के लिए केवल अपने विषय का ज्ञान हासिल करना पर्याप्त नहीं है, बल्कि उन्हें दुनिया के विभिन्न क्षेत्रों में हो रहे सामाजिक, आर्थिक, राजनीतिक और रणनीतिक बदलावों की भी समझ विकसित करनी चाहिए। विद्यार्थियों को दूरदर्शी सोच के साथ अपने लक्ष्य निर्धारित कर उन्हें हासिल करने के लिए कड़ी मेहनत करनी चाहिए। असफलताओं से निराश होने के बजाय उनसे सीख लेकर उत्कृष्टता के लिए निरंतर प्रयास करते रहना चाहिए। उक्त बात अमलतास एवं मालवांचल यूनिवर्सिटी के चेयरमैन सुरेशसिंह भदौरिया ने एमिटी यूनिवर्सिटी, नोएडा में आयोजित तीन दिवसीय अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन 'विजीगिशु-2026' में छात्रों को संबोधित करते हुए कही।एमिटी इंस्टीट्यूट ऑफ इंटरनेशनल स्टडीज, एमिटी यूनिवर्सिटी उत्तर प्रदेश, नोएडा कैंपस, इंडियन काउंसिल ऑफ वर्ल्ड अफेयर्स (आईसीडब्ल्यूए) और रूस की एमजीआईएमओ यूनिवर्सिटी के सहयोग से सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है। सम्मेलन के सातवें संस्करण का विषय 'दक्षिण पूर्व एशिया और वैश्विक दक्षिण : बहुध्रुवीय दुनिया में उभरती सुरक्षा, स्थिरता और रणनीतिक गतिशीलता' रखा गया है। सम्मेलन में विभिन्न देशों के राजनयिकों, शिक्षाविदों, नीति विशेषज्ञों और विद्यार्थियों ने वैश्विक परिस्थितियों पर विचार साझा किए।जर्मनी, इंडोनेशिया, इथियोपिया, आसियान और अफ्रीकी संघ में भारत के पूर्व राजदूत गुरजीत सिंह ने कहा कि भारत आसियान और वैश्विक दक्षिण के बीच एक महत्वपूर्ण सेतु है। ब्रिक्स की सबसे बड़ी सफलता यह रही कि यह वैश्विक दक्षिण के लिए एक माध्यम के रूप में उभरा, जिसने विकासशील देशों को अपनी साझा चिंताओं और आकांक्षाओं को व्यक्त करने के लिए एक मंच प्रदान किया। रूस के एमजीआईएमओ विश्वविद्यालय के शासन और राजनीति संकाय की एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. सुज़ाना एडम्यंट्स ने कहा कि भारत और रूस के बीच सौहार्दपूर्ण और मजबूत संबंध हैं।

एमिटी विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर डॉ. बलविंदर शुक्ला ने कहा कि एमिटी विश्वविद्यालय ऐसे मंच तैयार करने के लिए प्रतिबद्ध है जो छात्रों को समकालीन वैश्विक घटनाक्रमों से जुड़ने और बदलती अंतरराष्ट्रीय व्यवस्था की गहरी समझ हासिल करने के लिए प्रोत्साहित करें।

मोखाप्पिल्या में बजरंग सेना ने आयोजित की भव्य भजन संध्या



बागली। बजरंग सेना के प्रदेश प्रभारी मोहित जाट द्वारा भगवान रामदेव जी एवं तेजाजी महाराज की भव्य भजन संध्या एवं धार्मिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने पहुंचकर भजनों का आनंद लिया। कार्यक्रम में कमलापुर थाना प्रभारी सज्जन सिंह मीणा एवं चापड़ा चौकी प्रभारी राकेश चौहान की गरिमामयी उपस्थिति रही। साथ ही बागली-हाटपिपलिया से मुख्य अतिथि रवीना बुआजी विशेष रूप से उपस्थित रहीं।

बजरंग सेना प्रदेश प्रभारी मोहित जाट ने सभी संतजनों, कलाकारों एवं श्रद्धालुओं का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि धार्मिक एवं सामाजिक आयोजनों के माध्यम से समाज में एकता, भाईचारे और सनातन संस्कृति के प्रति जागरूकता को बढ़ावा मिलता है।

डॉ. अंबेडकर राष्ट्रीय अधिवक्ता संघ की प्रांतीय समीक्षा बैठक संपन्न

अधिवक्ता सुरक्षा अधिनियम को तत्काल लागू करने की उठी मांग

रामगोपाल अहिरवार को प्रांतीय सह संयोजक और जितेंद्र सिंह कंचन को जिला संयोजक की जिम्मेदारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ ललितपुर



डॉ. अंबेडकर राष्ट्रीय अधिवक्ता संघ (भारत) उत्तर प्रदेश यूनिट की प्रांतीय समीक्षा बैठक खुशीपुरा स्थित बुद्ध विहार हितकारी धर्मशाला झांसी में आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता संगठन राष्ट्रीय संयोजक बीएम सिंह एड. ने की, जबकि संचालन राष्ट्रीय सह संयोजक चंद्रभान सिंह आदिम एड.ने किया।

बैठक में उत्तर प्रदेश के विभिन्न जनपदों से पहुंचे अधिवक्ताओं और मिशनकारी समाजसेवियों ने भाग लिया। इस दौरान संवैधानिक लक्ष्यों, बहुजन समाज की मौजूदा स्थिति तथा अधिवक्ताओं के अधिकारों से जुड़े मुद्दों पर चर्चा की गई। अधिवक्ताओं की सुरक्षा के लिए अधिवक्ता सुरक्षा अधिनियम को तत्काल लागू किए जाने की मांग भी उठाई गई। मुख्य अतिथि एवं राष्ट्रीय संयोजक बी.एम. सिंह एड. ने संवैधानिक लक्ष्यों और बहुजन समाज की वर्तमान स्थिति पर विस्तार से विचार रखे। उन्होंने अधिवक्ताओं के अधिकारों और सुरक्षा से जुड़े विषयों पर संगठन की भूमिका को रेखांकित किया। इस दौरान बार एसोसिएशन झांसी के पूर्व अध्यक्ष रमेश कुमार यादव, कमिश्नरी बार संघ अध्यक्ष देवराज सिंह, बार संघ ललितपुर के सचिव लखन यादव एड.तथा जिला संयोजक रामगोपाल अहिरवार एड.ने भी अपने विचार व्यक्त किए। प्रांतीय समीक्षा बैठक के बाद संगठन के विस्तार और मजबूती को लेकर महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। रामगोपाल अहिरवार एड.को जिला संयोजक पद से पदोन्नत कर उत्तर प्रदेश प्रांतीय सह संयोजक मनोनीत किया गया। वहीं, उनके स्थान पर जितेंद्र सिंह कंचन एड.को नया जिला संयोजक घोषित किया गया।

इस अवसर पर जितेंद्र सिंह कंचन को मंच पर सम्मानित किया गया। बैठक में संगठन के प्रभारी लवलेश वर्मा एड.(प्रयागराज), रतन सिंह (गाजियाबाद), राजकुमार चौरसिया (डीसी आजाद, उन्नाव), जे.पी. सिंह (मथुरा), रामप्रकाश मामू, कैलाशचंद्र अहिरवार, विकास यादव, महेश रिचारिया, राजयोगेंद्र कुमार, बी.ओ.एल. भास्कर, सुनीता केसरी, नीलम चौधरी, आराधना निराला, अनिता वर्मा, रचना अहिरवार, हाशिम मंसूरी, रईस अहमद, सर्वेश गौतम, विजय कुमार वर्मा और प्रहलाद सिंह सहित उत्तर प्रदेश के विभिन्न जनपदों से आए अधिवक्ता उपस्थित रहे। समापन पर संविधान की उद्देशिका का वाचन किया गया। बैठक में शामिल सभी पदाधिकारियों और उपस्थितजनों का आभार जिला संयोजक पी.डी. वर्मा एड.एवं रविंद्र कुमार नगरा ने संयुक्त रूप से व्यक्त किया। बैठक में संगठनात्मक गतिविधियों को गति देने और अधिवक्ताओं से जुड़े मुद्दों को प्रमुखता से उठाने पर जोर दिया गया।

16 वर्षीय किशोर का कुएं में मिला शव

ललितपुर। थाना जखौरा क्षेत्र के ग्राम कालीपहाड़ी में मंगलवार को एक 16 वर्षीय गुमशुदा किशोर का शव खेत पर बने कुएं में मिलने से हड़कंप मच गया। सूचना मिलने पर जखौरा थाना पुलिस तत्काल मौके पर पहुंची और शव को नियमानुसार कब्जे में लेकर पंचायतनामा की कार्रवाई पूरी कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। घटनास्थल पर फील्ड यूनिट द्वारा भी साक्ष्य संकलन की कार्रवाई की जा रही है। पुलिस के अनुसार प्रथमदृष्टया कुएं में गिरने के बाद पानी में डूबने से किशोर की मृत्यु होने की आशंका है। वहीं, मृतक के परिजनों द्वारा लगाए जा रहे आरोपों को लेकर पुलिस गहनता से जांच कर रही है। 22 सितंबर को थाना जखौरा क्षेत्र के ग्राम कालीपहाड़ी में 16 वर्षीय गुमशुदा युवक प्रिंस का शव खेत पर बने कुएं में मिलने की सूचना प्राप्त हुई। सूचना मिलते ही थाना पुलिस मौके पर पहुंची और आवश्यक कार्रवाई शुरू की। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचायतनामा की कार्रवाई पूर्ण की तथा पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। घटनास्थल पर फील्ड यूनिट की टीम द्वारा साक्ष्य संकलन की कार्रवाई की जा रही है। पुलिस की प्रारंभिक जांच में किशोर के कुएं में गिरने और पानी में डूबने से मृत्यु होने की संभावना जताई गई है। हालांकि, मृत्यु के वास्तविक कारणों की पुष्टि पोस्टमार्टम रिपोर्ट और विवेचना के आधार पर होगी। क्षेत्राधिकारी सदर की बाइट के अनुसार, मृतक के परिजनों द्वारा लगाए जा रहे आरोपों को पुलिस गंभीरता से लेते हुए उनकी गहन जांच कर रही है। पुलिस सभी संबंधित तथ्यों और परिस्थितियों की पड़ताल कर रही है। प्रकरण में आगे की विधिक कार्रवाई प्रचलित है। फिलहाल पुलिस द्वारा घटना के कारणों और परिस्थितियों को स्पष्ट करने के लिए जांच जारी रखी गई है।

प्रशासनिक गतिविधियों का दिया प्रेजेंटेशन

प्रशिक्षु पीसीएस अधिकारियों के दल का जनपद आगमन



हरिभूमि न्यूज ⏭ ललितपुर

जनपद भ्रमण पर मंगलवार को पहुंचे प्रशिक्षु पीसीएस अधिकारियों के दल के लिए कलेक्ट्रेट सभागार में विशेष बैठक एवं ब्रीफिंग सत्र का आयोजन किया गया। अध्यक्षता एडीएम (वित्त एवं राजस्व) दिनेश कुमार ने की।

बैठक के दौरान प्रशिक्षु अधिकारियों को ललितपुर की भौगोलिक, ऐतिहासिक, सांस्कृतिक, पर्यटन, राजस्व, कृषि, सिंचाई और प्रशासनिक व्यवस्थाओं से संबंधित विस्तृत जानकारी प्रस्तुतियों के माध्यम से दी गई। कार्यक्रम के प्रारंभ में एडीएम (वित्त एवं राजस्व) एवं कोषाधिकारी ने दलनायक नितिन कुमार सहित सभी प्रशिक्षु पीसीएस अधिकारियों का बुके भेंटकर स्वागत किया। बैठक में एडीएम दिनेश कुमार ने प्रशिक्षु अधिकारियों को जिले की भौगोलिक स्थिति, ऐतिहासिक पृष्ठभूमि एवं सांस्कृतिक विशेषताओं से विस्तारपूर्वक अवगत कराया। इसके बाद उपजिलाधिकारी ज्ञानेन्द्र विक्रम ने जिले के प्रशासनिक मामलों, राजस्व संबंधी प्रकरणों, कृषि व्यवस्था और स्थानीय औषधीय वातावरण से जुड़ी जानकारियां साझा कीं। सिंचाई विभाग के अधिशासी अभियंता भूपेश सुहेरा ने पीपीटी प्रस्तुतीकरण के माध्यम से जनपद में उपलब्ध जल संसाधनों तथा प्रमुख बांधों की स्थिति के बारे में प्रशिक्षु अधिकारियों को जानकारी दी। पर्यटन अधिकारी हेमलता ने ललितपुर को पर्यटन की दृष्टि से समृद्ध जनपद बताते हुए यहां स्थित पुरातात्विक, ऐतिहासिक एवं धार्मिक महत्व के स्थलों का सचित्र प्रस्तुतीकरण किया। वहीं, जीएसटी कमिश्नर हीरालाल ने जीएसटी विभाग के कार्यों एवं संबंधित गतिविधियों की जानकारी दी। कोषाधिकारी राहुल यादव ने जिले की ट्रेजरी प्रणाली, वित्तीय संचालन और प्रशासनिक गतिविधियों के संबंध में प्रशिक्षु अधिकारियों को अवगत कराया। बैठक के उपरांत प्रशिक्षु पीसीएस अधिकारियों के दल ने जिलाधिकारी सत्य प्रकाश से मुलाकात की और जनपद भ्रमण की रणनीति को लेकर विचार-विमर्श किया। इस अवसर पर खंड विकास अधिकारी जखौरा सौरभ वर्णवाल सहित प्रशासन एवं विभिन्न विभागों के अन्य अधिकारी भी उपस्थित रहे।

श्री लक्ष्मी नृसिंह मंदिर रामलीला मंच पर तैयारियां जोरों पर

समिति ने बैठक आयोजित कर की रूपरेखा तैयार, सौंपी जिम्मेदारियां



ललितपुर। शहर के मोहल्ला तालाबपुरा स्थित श्री लक्ष्मीनृसिंह मंदिर परिसर मैदान में आगामी 10 अक्टूबर से आयोजित होने वाली रामलीला कार्यक्रम की तैयारियों के संबंध में बैठक आयोजित की गई। जिसमें कार्यक्रम की रूपरेखा तैयार की गई और समिति के सदस्यों को अहम जिम्मेदारियां सौंपी गई। श्रीलक्ष्मीनृसिंह मंदिर परिसर में महंत गंगादासजी महाराज के पावन सानिध्य व ओमप्रकाश शास्त्री की अध्यक्षता में एक बैठक आयोजित हुई। जिसमें परमपरागत श्री लक्ष्मीनृसिंह रामलीला के आयोजन की तैयारियों पर विचार विमश्र किया गया। इस मौके पर समिति अध्यक्ष राजीव बबेले सप्पू ने बताया कि इस वर्ष यह आयोजन 10 अक्टूबर से शुरू होकर 21 अक्टूबर तक सम्पन्न होगा। इस मौके पर कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए समिति के सदस्यों को जिम्मेदारियां सौंपी गई। अध्यक्ष राजीव बबेले ने बताया कि इस वर्ष यह कार्यक्रम इतिहासिक होगा, जिसमें रामलीला में प्रतिदिन कलाकारों द्वारा परंपरागत तरीके से लीला का मंचन होगा। इसके लिए कलाकारों द्वारा तैयारियां शुरू कर दी गई हैं। इसके साथ ही लोगों के मनोरंजन के लिए अनेक धार्मिक व सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित होंगे। बैठक में प्रदीप चौबे, बब्बूराजा बुंदेला, सुभाष जायसवाल, जगदीश पाठक, विलास पटैरिया, बृजेश चतुर्वेदी, निखिल तिवारी, वीरेंद्र पुरोहित, राजेंद्र बाजपेई, कौस्तुभ चौबे, हरीशंकर साहू, कमलापत रिछारिया, आशीष चौबे, हृदेश हुंडैत, नरेंद्र कड़ंकी, प्रभाकर शर्मा, महेश श्रीवास्तव, पवन कौशिक, सोनू पाठक, सुबोध गोस्वामी, नरेश शेखावत, अजय तोमर, चंद्रशेखर राठौर, धर्मेंद्र रावत, वैभव गुप्ता, भगवत नारायण बाजपेई, राजू यादव, पवन तांत्रिक, विवेक सड़ैया, प्रमोद लिटौरिया, कृष्णकांत तिवारी, कमलेश सेन, बलन शर्मा, रामचरन, कृष्णबिहारी मिश्रा, धर्मेंद्र सिंह यादव, विद्या मालवीय, भरत पुरोहित, बब्लू पाठक, बॉबीराजा सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

एक दिवसीय कैरियर काउंसलिंग कार्यशाला का हुआ आयोजन

ललितपुर। केपीएस पीजी कॉलेज ककरूआ में एक दिवसीय कैरियर काउंसिलिंग कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसमें सेवायोजन कार्यालय के विद्वान विशेषज्ञों द्वारा छात्र-छात्राओं को कैरियर से संबंधित दिशा निर्देश एवं मार्गदर्शन दिया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ कॉलेज की डॉयरेक्टर डॉ0 लतिका सुडेले, प्राचार्य डॉ. राजेन्द्र प्रकाश, मुख्य, आईक्यूएसी प्रभारी प्रभांशु नगाइच, उमेश कुमार (वरिष्ठ सहायक), नरेन्द्र कुमार वर्मा (अनुदेशक), गगन चतुर्वेदी (काउंसलर) एवं फिरोज इकबाल ने माँ सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलन करके किया। डॉ. लतिका सुडेले ने अपने सम्बोधन में कहा कि छात्र-छात्राएं अपना लक्ष्य निर्धारित करें, तथा उस क्षेत्र में भावी सम्भावनाओं की जानकारी करें, एवं पूरी लगन व मेहनत से तैयारी करें तो सफलता अवश्य मिलेगी। प्राचार्य डॉ0 राजेन्द्र प्रकाश ने कहा कि आजकल सरकारी क्षेत्र से निजी क्षेत्र में नौकरी की अधिक सम्भावनाएं हैं, और पारिश्रमिक भी उससे अधिक है। अतः अपनी शिक्षा एवं अभिरूचि के हिसाब से नौकरी का चुनाव करें। उन्होंने आगे कहा कि विशेषज्ञ शिक्षकों से प्रेरणा एवं मार्गदर्शन प्राप्त करें। क्योंकि शिक्षक ही ऐसा व्यक्ति है जो आपको अपने से बेहतर बनाने का प्रयास करता है। और आपकी सफलता पर गर्व एवं खुशी का अनुभव करता है। कैरियर काउंसलर गगन चतुर्वेदी ने कहा कि नौकरी के इच्छुक छात्र-छात्राएं रोजगार संगम पोर्टल पर अपना रजिस्ट्रेशन करवायें एवं समय-समय पर आयोजित होने वाले रोजगार मेलों में अपनी प्रतिभा के अनुरूप नौकरी के लिये साक्षात्कार में प्रतिभाग करें। कार्यक्रम का संचालन प्रवक्ता डॉ0 दीपक जैन ने किया और प्रवक्ता आईक्यूएसी0 प्रभारी प्रभांशु नगाइच ने सभी का आभार व्यक्त किया।

अपाचे बाइक और नकदी बरामद, घेराबंदी में पकड़ा गया आरोपी

महरौनी में 2.35 किलो गांजे के साथ तस्कर गिरफ्तार

मध्य प्रदेश के गुवारा से गांजा लाकर बेचने का आरोप एनडीपीएस एक्ट में मुकदमा दर्ज

हरिभूमि न्यूज ⏭ ललितपुर

मादक पदार्थों की तस्करी के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत महरौनी पुलिस ने एक कथित गांजा तस्कर को गिरफ्तार किया है। आरोपी के कब्जे से 2 किलो 350 ग्राम अवैध गांजा, काले रंग की अपाचे मोटरसाइकिल और 260 रुपये नकद बरामद किए गए हैं। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस अधिनियम की धारा 8/20 के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है।

मामले की अग्रिम विवेचना उपनिरीक्षक अरविंद कुमार यादव को सौंपी गई है। सोमवार की शाम महरौनी थाने के निरीक्षक निर्भय चंद्र पुलिस टीम के साथ क्षेत्र में गश्त और वांछित अपराधियों की तलाश कर रहे थे। टीम में उपनिरीक्षक आजाद बाबू, कांस्टेबल सतीश कुमार और सचिन सैलानी शामिल थे। इसी दौरान मुखबिर से सूचना मिली कि एक व्यक्ति काले रंग की अपाचे मोटरसाइकिल (यू.पी. 94 ए.जे. 7359) पर टीकमगढ़ की ओर से महरौनी बाईपास के रास्ते ललितपुर की तरफ आ रहा है। सूचना मिलने के बाद पुलिस ने चेतक ड्यूटी पर तैनात कांस्टेबलों को साथ लिया और क्षेत्राधिकारी महरौनी को जानकारी दी। इसके बाद निवारी से पडवा जाने वाली सड़क पर तालाब के पास घेराबंदी की गई। कुछ देर बाद टीकमगढ़ की तरफ से एक अपाचे मोटरसाइकिल आती दिखाई दी, जो मुखबिर द्वारा बताए गए हुलिए और वाहन से मेल खाती थी। पुलिस ने वाहन को रोककर चालक से पूछताछ की। इसी दौरान क्षेत्राधिकारी महरौनी भी मौके पर पहुंच गए।

पुलिस का कहना है कि मौके पर मौजूद बल की वीडियोग्राफी के बीच मोटरसाइकिल के हैंडल पर टंगे झोले की तलाशी ली गई। झोले में दो पन्नियों में गांजा भरा मिला। इलेक्ट्रॉनिक कांटे से तौल करने पर गांजे का कुल वजन 2 किलो 350 ग्राम पाया गया। पुलिस ने आरोपी की जामा तलाशी से वीवो कंपनी का मोबाइल फोन और 260 रुपये नकद बरामद किए। गिरफ्तार आरोपी ने अपना नाम थाना महरौनी के ग्राम पडवा निवासी संकेत बाजपेई पुत्र राजाराम बाजपेई बताया। पूछताछ में आरोपी द्वारा कथित रूप से मध्य प्रदेश के टीकमगढ़ जिले के गुवारा से गांजा लाकर बेचने की बात बताई गई। आरोपी ने यह भी बताया कि वह जिस अपाचे मोटरसाइकिल का इस्तेमाल कर रहा था, उसे कथित रूप से गांजे के अवैध कारोबार से कमाए पैसों से खरीदा था। इन बयानों की स्वतंत्र पुष्टि विवेचना के दौरान की जानी है। पुलिस ने बरामदगी और गिरफ्तारी की कार्रवाई के बाद आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज किया है।

हिन्दी पत्रकारिता व समाजसेवा के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान के लिए नई दिल्ली में किया सम्मानित

चंदन सिंह को मिला डॉ. भीमराव अंबेडकर लाइफटाइम अचीवमेंट अवार्ड

हरिभूमि न्यूज ⏭ ललितपुर

हिन्दी पत्रकारिता एवं समाजसेवा के क्षेत्र में निरंतर सक्रिय रहकर जनहित के कार्यों को आगे बढ़ाने वाले ललितपुर निवासी पत्रकार एवं समाजसेवी चन्दन सिंह अहिरवार को उनके उल्लेखनीय योगदान के लिए प्रतिष्ठित 'डॉ. भीमराव अम्बेडकर लाइफटाइम अचीवमेंट अवार्ड' से सम्मानित किया गया। यह सम्मान उन्हें हिन्द ह्यूमैनिटी फाउंडेशन द्वारा नई दिल्ली में आयोजित सम्मान समारोह के दौरान प्रदान किया गया। चन्दन सिंह अहिरवार वर्तमान में जन कल्याण समिति ललितपुर (रजि.) के अध्यक्ष के रूप में भी सामाजिक गतिविधियों में सक्रिय भूमिका निभा रहे हैं।



पत्रकारिता के माध्यम से जनसमस्याओं को प्रमुखता से उठाने के साथ-साथ वे समाज के जरूरतमंद एवं वंचित वर्गों के हित में विभिन्न सामाजिक गतिविधियों से जुड़े रहे हैं। उनके इसी सक्रिय योगदान और सामाजिक सरोकारों को देखते हुए उन्हें यह सम्मान प्रदान किया गया। नई दिल्ली में आयोजित सम्मान समारोह में विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय कार्य करने वाली प्रतिभाओं एवं सामाजिक क्षेत्र से जुड़े लोगों की मौजूदगी रही। इसी अवसर पर हिन्द ह्यूमैनिटी फाउंडेशन के पदाधिकारियों द्वारा चन्दन सिंह अहिरवार को डॉ. भीमराव अम्बेडकर लाइफटाइम अचीवमेंट अवार्ड प्रदान कर उनके कार्यों को सम्मानित किया गया। सम्मान प्राप्त करने के बाद चन्दन सिंह अहिरवार ने कहा कि यह सम्मान उनके लिए व्यक्तिगत उपलब्धि के साथ-साथ उन सभी लोगों का सम्मान है, जो समाजहित एवं जनसेवा के कार्यों में निरंतर सहयोग और प्रेरणा प्रदान करते हैं। उन्होंने कहा कि पत्रकारिता और समाजसेवा के माध्यम से जनहित से जुड़े मुद्दों को सामने लाने तथा जरूरतमंद लोगों की सहायता के लिए उनका प्रयास निरंतर जारी रहेगा। चन्दन सिंह अहिरवार को मिले इस सम्मान की जानकारी मिलते ही ललितपुर एवं आसपास के क्षेत्र में उनके शुभचिंतकों, पत्रकार साथियों, सामाजिक कार्यकर्ताओं एवं सामाजिक क्षेत्र से जुड़े लोगों में हर्ष की लहर दौड़ गई। लोगों ने उन्हें फोन एवं व्यक्तिगत रूप से बधाई देते हुए इस उपलब्धि पर प्रसन्नता व्यक्त की और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। शुभचिंतकों ने कहा कि चन्दन सिंह अहिरवार द्वारा पत्रकारिता के साथ-साथ सामाजिक क्षेत्र में किए जा रहे कार्य समाज के लिए प्रेरणादायी हैं।

उन्होंने उम्मीद जताई कि भविष्य में भी वह इसी प्रकार जनहित और समाजसेवा के क्षेत्र में सक्रिय रहकर लोगों की आवाज को मजबूती से उठाते रहेंगे। डॉ. भीमराव अम्बेडकर लाइफटाइम अचीवमेंट अवार्ड से सम्मानित होने के बाद चन्दन सिंह अहिरवार ने अपने सामाजिक एवं पत्रकारिता जीवन में एक और महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की है।

31 अगस्त तक सेवानिवृत्त कर्मियों के लंबित प्रकरण सुने जाएंगे

सेवानिवृत्त शिक्षकों-कर्मचारियों के पेंशन मामलों पर आज होगी विशेष सुनवाई

ललितपुर। बेसिक शिक्षा परिषद अंतर्गत सेवानिवृत्त शिक्षकों एवं शिक्षणेत्तर कर्मचारियों के लंबित पेंशन प्रकरणों के त्वरित निस्तारण के लिए जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी कार्यालय में 23 सितंबर को विशेष सुनवाई आयोजित की जाएगी। बीएसए रत्नेश कुमार की ओर से जारी विज्ञप्ति में संबंधित सेवानिवृत्त शिक्षकों एवं कर्मचारियों से निर्धारित तिथि और समय पर कार्यालय में उपस्थित होकर अपने लंबित मामलों का निस्तारण कराने की अपील की गई है।

यह विशेष सुनवाई नोशनल पेंशन सहित पेंशन से संबंधित अन्य सभी लंबित कार्यों के निस्तारण के लिए आयोजित की जा रही है। इसके तहत 31 अगस्त 2026 से पूर्व सेवानिवृत्त हुए बेसिक शिक्षा परिषद के शिक्षक एवं शिक्षणेत्तर कर्मचारी अपने लंबित पेंशन संबंधी मामलों को लेकर उपस्थित हो सकेंगे। सेवानिवृत्त शिक्षकों एवं शिक्षणेत्तर कर्मचारियों के मामलों की सुनवाई के लिए 23 सितंबर को सुबह 10 बजे से दोपहर 12 बजे तक का समय निर्धारित किया गया है। इस दौरान संबंधित कर्मचारी अपने पेंशन, नोशनल पेंशन अथवा अन्य लंबित प्रकरणों से संबंधित अभिलेखों के साथ जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी कार्यालय पहुंचकर अपना पक्ष रख सकेंगे। इसी दिन कार्यरत शिक्षकों के लंबित प्रकरणों के लिए भी अलग समय निर्धारित किया गया है। ऐसे शिक्षक जिनके प्रकरण 20 मई 2026 से पूर्व के हैं, उनके मामलों की सुनवाई दोपहर 3 बजे से शाम 5 बजे तक की जाएगी। विशेष सुनवाई का उद्देश्य पेंशन एवं अन्य लंबित प्रकरणों को प्राथमिकता के आधार पर सुनकर उनके निस्तारण की प्रक्रिया को गति देना है।

मेरे सपनों का भारत चित्रकला प्रतियोगिता के विजेताओं को जिला मंत्री ने दिए पुरस्कार

ऋषिका प्रथम, रुचि द्वितीय और श्रृष्टि तृतीय स्थान पर रहीं

हरिभूमि न्यूज ⏭ ललितपुर



शासन एवं विभागीय निर्देशों के तहत पूर्व माध्यमिक विद्यालय गुगरवारा में मेरे सपनों का भारत विषय पर चित्रकला प्रतियोगिता आयोजित की गई। प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक प्रतिभाग करते हुए अपनी रचनात्मक प्रतिभा का प्रदर्शन किया। बच्चों ने चित्रों के माध्यम से अपने सपनों के भारत की कल्पना को कागज पर उकेरा। प्रतियोगिता में कक्षा सात की छात्रा ऋषिका ने प्रथम, कक्षा छह की रुचि ने द्वितीय तथा कक्षा छह की श्रृष्टि ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। प्रतियोगिता के विजेता विद्यार्थियों को भाजपा जिला मंत्री सोनाली बबेले ने पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया।

छात्राओं का उत्साहवर्धन करते हुए उनकी प्रतिभा की सराहना की। जिला मंत्री सोनाली बबेले ने विद्यार्थियों को शिक्षा के साथ रचनात्मक गतिविधियों में बढ़-चढ़कर भाग लेने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि इस प्रकार की प्रतियोगिताएं बच्चों में आत्मविश्वास, रचनात्मक सोच और प्रतिभा को निखारने में सहायक होती हैं। कार्यक्रम में भाजपा मंडल मंत्री बानपुर बहादुर सिंह, रघुनंदन राजपूत सहित अन्य ग्रामवासी उपस्थित रहे। विद्यालय के प्रधानाचार्य जितेंद्र कुमार जैन, शिक्षक हरमन कुशवाहा और संजीव भी मौजूद रहे। विद्यालय परिवार ने बताया कि विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए पढ़ाई के साथ रचनात्मक गतिविधियों का आयोजन महत्वपूर्ण है। ऐसी प्रतियोगिताओं से बच्चों को अपनी प्रतिभा प्रदर्शित करने का अवसर मिलता है और अन्य विद्यार्थी भी आगे बढ़कर भाग लेने के लिए प्रेरित होते हैं।

बधिर व्यक्तियों से संवाद के लिए पुलिसकर्मियों को मिलेगा सांकेतिक भाषा का प्रशिक्षण

ललितपुर। अंतर्राष्ट्रीय सांकेतिक भाषा दिवस के अवसर पर पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों को बधिर व्यक्तियों से बेहतर संवाद स्थापित करने के उद्देश्य से विशेष सांकेतिक भाषा प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम का आयोजन अखिल उत्तर प्रदेश बधिर संस्था एवं संबद्ध अखिल भारतीय बधिर संघ, नई दिल्ली के तत्वावधान में किया जा रहा है। एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम 23 सितंबर को प्रातः 11 बजे रिजर्व पुलिस लाइन्स, ललितपुर में आयोजित होगा। कार्यक्रम में पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों को सांकेतिक भाषा के माध्यम से संवाद करने की आवश्यक जानकारी और व्यवहारिक प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य पुलिस बल को सांकेतिक भाषा से परिचित कराना है, ताकि बधिर व्यक्तियों से जुड़े मामलों में पुलिस अधिकारी एवं कर्मचारी प्रभावी ढंग से संवाद कर सकें। सांकेतिक भाषा के प्रशिक्षण से पुलिसकर्मियों को शिकायत सुनने, आवश्यक जानकारी समझने तथा जरूरत पड़ने पर बधिर व्यक्तियों की सहायता करने में सुविधा होगी।

फर्जी दस्तावेजों से अपराधियों की जमानत कराने वाले एक और कथित पेशेवर गिरोह का भंडाफोड़

कोतवाली पुलिस ने तीन नामजद समेत अन्य आरोपियों के खिलाफ दर्ज किया मुकदमा

ललितपुर। न्यायालयों में गंभीर आपराधिक मामलों में आरोपित लोगों को फर्जी संपत्ति दस्तावेजों के सहारे जमानत दिलाने के कथित संगठित गिरोह के खिलाफ कोतवाली पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया है। उपनिरीक्षक अभिषेक पंवार की शिकायत पर दर्ज प्राथमिकी में तीन आरोपियों को नामजद किया गया है, जबकि अन्य अज्ञात व्यक्तियों को भी आरोपी बनाया गया है। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। जमानतियों के सत्यापन के दौरान फर्जी दस्तावेजों के इस्तेमाल से जुड़ी अनियमितताएं सामने आईं।

कोतवाली ललितपुर में 21 सितंबर को दर्ज एफआईआर में नेहरू नगर निवासी राजेश पुत्र बारेलाल, आजादपुरा निवासी प्रेमचंद्र उर्फ प्रेम पुत्र श्याम व भानु प्रताप पुत्र दशरथ सिंह सहित अन्य अज्ञात अभियुक्त शामिल हैं। पुलिस की शिकायत के मुताबिक जमानतियों के सत्यापन की कार्रवाई के दौरान यह मामला सामने आया कि कुछ लोग विभिन्न आपराधिक मामलों में आरोपियों की जमानत कराने के लिए कथित तौर पर फर्जी संपत्ति दस्तावेजों और कूटरचित प्रपत्रों का इस्तेमाल कर रहे थे। आरोप है कि नामजद आरोपी पेशेवर जमानती के रूप में अलग-अलग मुकदमों में शामिल होते थे और जाली दस्तावेजों के माध्यम से न्यायालय में जमानत प्रक्रिया पूरी कराने का प्रयास करते थे। इस गतिविधि का उद्देश्य आपराधिक मामलों में आरोपित व्यक्तियों को अनुचित लाभ पहुंचाना व आर्थिक फायदा कमाना बताया गया है।

मामले में आरोपों की जांच जारी है और दस्तावेजों की वास्तविकता तथा जमानत प्रक्रियाओं में आरोपियों की भूमिका का सत्यापन किया जा रहा है। प्राथमिकी से संबंधित विवरण के अनुसार, नामजद आरोपियों पर चोरी, एनडीपीएस एक्ट, आबकारी अधिनियम, वन्य जीव संरक्षण अधिनियम तथा मारपीट और धोखाधड़ी से जुड़े मामलों में आरोपित व्यक्तियों के लिए जमानती बनने का आरोप है। पुलिस की ओर से उपलब्ध जानकारी में बताया गया है कि इन मामलों में संपत्ति संबंधी कागजातों का कथित तौर पर कूटरचित रूप से इस्तेमाल किया गया। हालांकि, प्रत्येक मामले में इस्तेमाल किए गए दस्तावेजों, संबंधित न्यायालयों और जमानत प्रक्रिया के पूर्ण विवरण का सत्यापन पुलिस की जांच के बाद ही स्पष्ट हो सकेगा। नामजद आरोपी राजेश ने कथित रूप से दो दर्जन से अधिक मामलों में जमानती के रूप में दस्तावेज प्रस्तुत किए। इनमें कोतवाली ललितपुर के अलावा नाराहट, महरौनी, बार, तालबेहट और जखौरा सहित अन्य थाना क्षेत्रों से संबंधित मुकदमों का उल्लेख किया गया है। इसी तरह प्रेमचन्द्र उर्फ प्रेम और भानु प्रताप पर भी कई आपराधिक मामलों में आरोपित व्यक्तियों की जमानत के लिए इसी प्रकार की कथित प्रक्रिया अपनाने का आरोप है। पुलिस अब यह पता लगाने में जुटी है कि आरोपियों ने कितने मामलों में दस्तावेज लगाए, दस्तावेज कहां तैयार किए गए और इस गतिविधि में उनके साथ अन्य कौन-कौन लोग जुड़े हुए थे।

डूब क्षेत्र के किसान जिंदगी दांव पर लगाने को मजबूर

जिस अन्नदाता ने सबको खिलाया आज वही एक-एक निवाले को हुआ मोहताज

अधिकारों की लड़ाईः सुठालिया बांध के डूब प्रभावितों का फूटा आक्रोश, 8वें दिन भी 9 किसान आमरण अनशन पर डटे



ब्यावरा/सुठालिया। जिस देश में किसान को अन्नदाता कहकर सम्मान दिया जाता है, उसी देश में अगर वही अन्नदाता अपने बुनियादी हक, पुश्तैनी जमीन और पुनर्वास की खातिर अन्न-जल त्यागने पर विवश हो जाए, तो यह समूची प्रशासनिक व्यवस्था की संवेदनशीलता पर गंभीर सवाल खड़े करता है। सुठालिया वृहद सिंचाई परियोजना के डूब क्षेत्र में आ रहे राजगढ़ और गुना जिले के 65 गांवों के किसानों का धैर्य अब जवाब दे चुका है। वाजिब मुआवजे और पारदर्शी पुनर्वास की मांग को लेकर कड़ाके की धूप में पिछले 8 दिनों से 9 किसान लगातार आमरण अनशन पर डटे हैं, लेकिन शासन-प्रशासन की ओर से अब तक कोई ठोस व लिखित पहल सामने नहीं आई है।

दोहरी नीति से उपजा गहरा असंतोष

आंदोलन की मुख्य वजह सरकार की नीतिगत विसंगति है। परियोजना के तहत लगभग दो वर्ष पूर्व किसानों की जमीनों का और कुछ माह पूर्व मकानों व परिसंपत्तियों का मूल्यांकन कर रजिस्ट्री दरों के आधार पर मात्र दोगुना मुआवजा वितरित किया गया था। विस्थापित इस राशि को लेकर पहले से ही असंतुष्ट थे, लेकिन हाल ही में मुख्यमंत्री द्वारा की गई नई घोषणा ने असंतोष को भड़का दिया। मुख्यमंत्री ने ऐलान किया है कि आगामी समय में सड़क, रेलवे, तालाब या बांध परियोजनाओं के लिए अधिग्रहित जमीनों का मुआवजा रजिस्ट्री दर के आधार पर चार गुना दिया जाएगा। इस घोषणा के बाद सुठालिया के 65 गांवों में आक्रोश फैल गया। किसानों का कहना है कि जब उनकी उपजाऊ जमीनें और पैतृक मकान उसी तरह जलमग्न हो रहे हैं, तो उनके साथ यह भेदभाव क्यों? उनकी मांग है कि सुठालिया परियोजना के सभी प्रभावितों को भी संशोधित दर यानी 4 गुना मुआवजा दिया जाए।

8 दिनों से अनशन पर ये 9 किसान, गिर रहा स्वास्थ्य

धरना स्थल पर समाजसेवी आरटीआई एक्टिविस्ट जयपाल सिंह खींची, नरबे सिंह लोधी, माखन लोधी, अर्जुन सिंह गुर्जर, बालकिशन गुर्जर, हेमेंद्र सिंह बना, लखन सिंह पटेल एवं प्रेम सिंह बना सहित 9 किसान पिछले 8 दिनों से बिना अन्न-जल के आमरण अनशन पर हैं। लगातार भूख हड़ताल के चलते अनशनकारियों का बीपी और शुगर लेवल तेजी से गिर रहा है। स्वास्थ्य विभाग की बुनियादी जांचों के अलावा उनकी सुरक्षा को लेकर कोई पुख्ता कदम नहीं दिख रहा है।

अफसरों की मौखिक समझाइश बेअसर, लिखित आदेश पर अड़े किसान

आंदोलन के आठवें दिन दबाव बढ़ता देख एसडीएम और एडीएम धरना स्थल पर पहुंचे और किसानों से चर्चा कर समस्याओं के समाधान का मौखिक आश्वासन दिया। हालांकि, किसान केवल आश्वासनों पर अनशन समाप्त करने को तैयार नहीं हैं। किसानों ने दो-टूक कहा है कि जब तक शासन स्तर से 4 गुना मुआवजे की अनुशंसा, विसंगतिपूर्ण सर्वे के पुनरीक्षण और लंबित भुगतानों को लेकर कोई ठोस लिखित आदेश या समय-सीमा निर्धारित नहीं होती, सत्याग्रह जारी रहेगा। यदि समय रहते निर्णय नहीं हुआ, तो यह आंदोलन दोनों जिलों की सड़कों पर उतरेगा, जिसकी संपूर्ण जिम्मेदारी प्रशासन की होगी।

सर्वे में गंभीर धांधली, कई गांव चारों तरफ से घिरे, फिर भी डूब सूची से बाहर

- कांकरिया गुर्जर और सेमलापार की उपेक्षारू ग्राम कांकरिया गुर्जर में कुल 171 मकानों में से मात्र 69 मकानों को डूब में लिया गया, जबकि शेष मकानों के चारों तरफ पानी भरने के बावजूद उन्हें छोड़ दिया गया। इसी प्रकार सेमलापार राजपूत खेड़ा में केवल 01 मकान को ही डूब क्षेत्र में दर्ज किया गया है।
- मकानों का मुआवजा काटा गयारू ग्राम टोडी, निवारा एवं गुर्जरखेड़ी में मूल्यांकन के बाद कई मकानों की मुआवजा राशि में कटौती कर दी गई। वहीं टोडी के 24 और गुर्जरखेड़ी के 3 मकान पूर्णतः जलमग्न होने की श्रेणी में होने के बावजूद उचित मुआवजे से वंचित हैं।
- परिसंपत्तियों की अनदेखीरू कुएं, ट्यूबवेल, फलदार पेड़ और सिंचाई पाइपलाइनों का सर्वे होने के बावजूद भुगतान लंबे समय से अटका हुआ है।
- कटऑफ डेट की विसंगति, प्रशासन 1 जनवरी 2021 की कटऑफ डेट मानकर परिवार आईडी और वयस्क सदस्यों का निर्धारण कर रहा है। किसानों का तर्क है कि जब वास्तविक विस्थापन अभी तक हुआ ही नहीं है, तो परिवार आईडी और पुनर्वास लाभों की गणना वास्तविक विस्थापन की तारीख से हो। साथ ही 90 से 100 प्रतिशत डूब में आए परिवारों को संपूर्ण विस्थापन लाभ मिले और पुनर्वास स्थलों का नाम मूल गांवों के नाम पर रखा जाए।

इनका कहना है...

यह लड़ाई निजी स्वार्थ की नहीं, व्यवस्था के दोहरे रवैये के खिलाफ है। मेरी एक बीघा जमीन भी डूब में नहीं है, लेकिन 65 गांवों के किसानों पर हो रहे अन्याय को देखकर चुप नहीं बैठ सका। आज 8 वें दिन भी भूख हड़ताल पर डटा हूं और न्याय मिलने तक पीछे नहीं हटूंगा।

जयपाल सिंह खींची
समाजसेवी, ग्राम टोडी

जन-आंदोलन बना सत्याग्रहः राजनीतिक दलों, सामाजिक संगठनों और व्यापारियों का खुला

किसानों का यह सत्याग्रह अब व्यापक जन-आंदोलन का रूप ले चुका है। धरना स्थल पर पहुंचकर जिला पंचायत अध्यक्ष चंदर सिंह सोंधिया, चाचैड़ा की पूर्व विधायक ममता मीणा, पूर्व एसपी रणधीर सिंह मीणा, कांग्रेस जिला अध्यक्ष प्रियव्रत सिंह खींची, राघौगढ़ के पूर्व विधायक लक्ष्मण सिंह, पूर्व विधायक रामचंद्र दांगी और राष्ट्रीय राजपूत करणी सेना के प्रदेश प्रवक्ता चंद्रपाल सिंह ने किसानों की 4 गुना मुआवजे की मांग का खुला समर्थन किया है। आगामी दिनों में पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह एवं करणी सेना के प्रदेश अध्यक्ष जीवन सिंह शेरपुर के भी धरना स्थल पर पहुंचने की संभावना है। वहीं आंदोलन को गति देते हुए आज सुठालिया नगर के समस्त व्यापारी वर्ग और कोचिंग संचालकों ने अपने-अपने प्रतिष्ठान व संस्थान पूरी तरह बंद रखकर किसानों के समर्थन में खड़े होने का निर्णय लिया है।

बमूलिया से लापता युवती का शव सरपंच के कुएं में मिला

लखनवास। थाना मलावर क्षेत्र के ग्राम बमूलिया से पिछले दो दिनों से लापता युवती का शव रविवार को गांव के सरपंच के कुएं में मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले की जांच शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार निशा वर्मा पिता श्यामलाल वर्मा, 18 वर्ष 7 माह, निवासी ग्राम बमूलिया 18 सितंबर को घर से बिना बताए कहीं चली गई थी। परिजनों द्वारा काफी तलाश करने के बाद भी पता नहीं चलने पर थाने में गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई गई थी। परिजनों की रिपोर्ट पर थाना मलावर में अपराध क्रमांक 251/26 धारा 140(3) के तहत प्रकरण कायम कर विवेचना में लिया। इसी दौरान रविवार सुबह ग्रामीणों ने गांव के सरपंच भारत सिंह सोंधिया के कुएं में एक शव तैरता हुआ देखा। सूचना पर थाना मलावर पुलिस तत्काल मौके पर पहुंची और ग्रामीणों की मदद से शव को कुएं से बाहर निकलवाया गया। शव की शिनाख्त लापता युवती निशा वर्मा के रूप में हुई। परिजनों के अनुसार युवती मानसिक रूप से विक्षिप्त थी और पूर्व में भी बिना बताए घर से चली गई थी। पुलिस ने शव का पंचनामा बनाकर सभी पहलुओं को ध्यान में रखकर मामले की बारीकी से जांच कर रही है।

बच्चों के चित्रों से गूंजेगा मानवता से सद्भाव का संदेश

मंदसौर में लायंस इंटरनेशनल का पीस पोस्टर कार्यक्रम रविवार को

हरिभूमि न्यूज ⏭ मंदसौर

लायंस क्लब्स इंटरनेशनल के अंतर्राष्ट्रीय पीस पोस्टर कार्यक्रम के तहत मंदसौर के नूतन हाई स्कूल में रविवार, 27 सितंबर को एक वृहद शांति पोस्टर प्रतियोगिता आयोजित होने जा रही है। लायंस क्लब मंदसौर, लायंस क्लब मंदसौर गोल्ड एवं लायंस क्लब मंदसौर डायनामिक के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित होने वाली इस प्रतियोगिता में नगर व आसपास के क्षेत्रों के विभिन्न विद्यालयों से 11 से 13 वर्ष आयु वर्ग के लगभग 150 से 200 चयनित विद्यार्थी भाग लेंगे। ये नन्हे कलाकार अपनी कल्पनाशीलता कलात्मक प्रतिभा के बल पर कैनवास के जरिए समाज में शांति और सद्भावना का रंग भरेंगे।

कार्यक्रम संयोजक लायन पुष्पा चेलावत, लायन डॉ. के.सी. श्रीमाल, मनोज मित्तल एवं सुमित्रा चौधरी ने जानकारी देते हुए बताया कि इस वर्ष की प्रतियोगिता का मुख्य विषय ह्यमानवता से सद्भावह्व रखा गया है। इस आयोजन का मूल उद्देश्य बच्चों के माध्यम से समाज में शांति, भाईचारे, मानवीय मूल्यों और आपसी सद्भाव का सकारात्मक संदेश प्रसारित करना है। आयोजकों ने बताया कि मंदसौर में इतने बड़े पैमाने पर पीस पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन पहली बार किया जा रहा है।

प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन करने के लिए प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय पुरस्कार के रूप में क्रमशः 3 हजार, 2 हजार तथा 1 हजार रू. की राशि दी जाएगी, साथ ही 10 सांत्वना पुरस्कार भी प्रदान किए जाएंगे। इस आयोजन की सबसे खास बात यह है कि अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर चयनित सर्वश्रेष्ठ पोस्टर को लायंस क्लब्स इंटरनेशनल द्वारा लगभग 5 लाख रू. तक के भव्य पुरस्कार से सम्मानित करने का प्रावधान है, जिससे स्थानीय विद्यार्थियों के लिए अंतर्राष्ट्रीय मंच तक पहुंचने की एक बेहतरीन राह खुल गई है।

आयोजन की सफलता के लिए प्रोजेक्ट चेयरमैन गौरव रत्नावत एडवोकेट, सुरेश सोमानी एवं सीमा जैन ने सैनिक स्कूल, सरस्वती स्कूल, केंद्रीय विद्यालय, जैन स्कूल, मंदसौर इंटरनेशनल स्कूल, डीवीएम स्कूल, नूतन स्कूल, महारानी लक्ष्मीबाई कन्या स्कूल, दलौदा पब्लिक स्कूल, सीतामऊ पब्लिक स्कूल, एवं कन्या विद्यालय सहित क्षेत्र के सभी प्रमुख विद्यालयों के विद्यार्थियों और शिक्षकों से शामिल होने की अपील की है।

शिक्षा और समाज सेवा में उत्कृष्ट योगदान के लिए रजनी व्यास सम्मानित



सारंगपुर। मध्यप्रदेश प्रांतीय सभा, प्रांतीय महिला सभा, प्रांतीय युवक संघ तथा जिला सभा, जिला महिला सभा एवं जिला युवक संघ मंदसौर के संयुक्त तत्वावधान में मध्यप्रदेश शिक्षक गौरव सम्मान समारोह एवं मध्यप्रदेश प्रांतीय महिला सभा का अधिवेशन 20 सितंबर को श्री हाटकेश्वर मांगलिक भवन, मंदसौर में आयोजित किया गया। समारोह में सारंगपुर की रजनी सुशील व्यास को शिक्षा एवं समाज सेवा के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान के लिए सम्मानित किया गया। शिक्षा के क्षेत्र में उनके उल्लेखनीय योगदान तथा समाजसेवा के प्रति उनकी सक्रिय भूमिका को देखते हुए उन्हें सम्मान प्रदान किया गया। उनके सम्मानित होने पर सारंगपुर एवं जिले के गणमान्य नागरिकों ने हर्ष व्यक्त करते हुए बधाई दी।

स्वच्छता अभियान एवं शपथ कार्यक्रम आयोजित किया



हरिभूमि न्यूज ⏭ मंदसौर

शासकीय कन्या महाविद्यालय, मंदसौर के प्राचार्य डॉ. सुधीर रायज़ादा ने बताया कि राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा राष्ट्रीय सेवा योजना दिवस के उपलक्ष्य में तीन दिवसीय कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। कार्यक्रम के प्रथम दिवस स्वच्छता अभियान एवं शपथ कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें 20 छात्राओं ने सहभागिता की। इस अवसर पर छात्राओं ने स्वच्छता एवं सामाजिक दायित्व के प्रति जागरूकता का संदेश देते हुए स्वच्छता की शपथ ली। छात्राओं ने महाविद्यालय परिसर में स्वच्छता गतिविधियों एवं श्रमदान में सहभागिता की तथा स्वच्छ एवं स्वस्थ वातावरण बनाए रखने का संकल्प लिया। कार्यक्रम में डॉ. उषा वर्मा एवं डॉ. सपना डे ने भी सहभागिता की। कार्यक्रम का आयोजन रासेयो कार्यक्रम अधिकारी डॉ. नौरीन कुरैशी के मार्गदर्शन में किया गया।

मिलावटी मावा बेचने वाले मालिक को 3 माह की सजा एवं 2 लाख रूपये जुर्माना

मंदसौर। मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट महोदय, मंदसौर अतुल बिल्लौरे द्वारा आरोपी बाबूलाल पिता छगनलाल विजयवर्गीय निवासी मल्हारगढ़, जिला मंदसौर (म.प्र.) को मिलावटी मावा विक्रय करने के अपराध में दोषी पाते हुए 3 माह सश्रम कारावास एवं 2 लाख रूपये जुर्माने से दण्डित किया । अभियोजन मीडिया सेल प्रभारी बलराम सोलंकी द्वारा घटना के संबंध में बताया कि खाद्य सुरक्षा अधिकारी कमलेश जमरा दिनांक 08.10.2011 को दिपावली त्यौहार को देखते हुए निरीक्षण हेतु गांधी चौक मल्हारगढ़ पहुंचे, जहां विजयवर्गीय मिष्ठान भंडार पर पहुंचकर वहां व्यवसायरत व्यक्ति को अपने नाम और पद का परिचय देकर उनसे जानकारी ली, जिसमें उसने अपना नाम बाबूलाल पिता छगनलाल विजयवर्गीय होना बता कर स्वयं को दुकान का मालिक बताते हुए वर्ष 2011-12 का लायसेंस दिखाकर मिठाई, नमकीन व मावा का विक्रय करना बताया, दुकान के निरीक्षण के दौरान एक कंटेनर में लगभग 5 किलोग्राम मावा रखा हुआ पाया, जिसमें मिलावट की शंका होने पर उक्त मावे का नमूना जांच हेतु खाद्य कारोबार कर्ता आरोपी से 1 किलोग्राम मावा 120 रूपये प्रति किलों की दर से खरीद कर चार बराबर भागों में बांटकर प्रत्येक भाग को प्लास्टिक की फूडग्रेड साफ सूखी थैली में भरकर प्रत्येक भाग में लगभग 20-20 बूंद फार्मेलिन की डालकर पुनः समरस कर थैली के मुंह को बंदकर सील किया गया। नमूने को जांच हेतु राज्य खाद्य प्रयोगशाला भेजा गया।

नि:शुल्क नेत्र शिविर में 200 मरीजों की जांच 50 मोतियाबिंद ऑपरेशन के लिए चयनित



सारंगपुर। लायंस क्लब द्वारा स्थानीय सिविल हॉस्पिटल में निःशुल्क नेत्र जांच एवं चिकित्सा शिविर आयोजित किया गया। शिविर में क्षेत्र के बड़ी संख्या में लोगों ने पहुंचकर आंखों की जांच कराई। विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा करीब 200 मरीजों की नेत्र जांच की गई। जांच के दौरान 50 मरीजों को मोतियाबिंद ऑपरेशन के लिए चयनित किया गया। चयनित मरीजों को ऑपरेशन एवं आवश्यक उपचार के लिए सद्गुरु सेवा संघ ट्रस्ट, आनंदपुर भेजा गया। मरीजों को बस के माध्यम से आनंदपुर रवाना किया गया, जहां उनका आवश्यक उपचार और मोतियाबिंद ऑपरेशन किया जाएगा। शिविर में मरीजों और उनके साथ आए परिजनों के लिए लायंस क्लब की ओर से भोजन के पैकेट भी वितरित किए गए। क्लब सदस्यों ने मरीजों के पंजीयन, जांच तथा आनंदपुर भेजने की व्यवस्था में सहयोग किया। लायंस क्लब पदाधिकारियों ने बताया कि क्लब का उद्देश्य जरूरतमंद एवं आर्थिक रूप से कमजोर लोगों तक स्वास्थ्य सेवाएं पहुंचाना है। इसी उद्देश्य से भविष्य में भी इस प्रकार के सेवा कार्य निरंतर किए जाएंगे। शिविर में लायंस क्लब अध्यक्ष विनय मकोडिया, सचिव प्रदीप चौहान,पीयूष राठी, महेश शर्मा, एमजेएफ राजेन्द्र पालीवाल, मोहम्मद मंसूरी, प्रदीप जोशी,अतुल जोशी, नितिन परिहार आदित्य शर्मा सहित क्लब के सदस्य उपस्थित रहे। शिविर से लाभान्वित मरीजों एवं उनके परिजनों ने लायंस क्लब के इस सेवा कार्य की सराहना करते हुए पदाधिकारियों एवं सदस्यों का आभार व्यक्त किया।



रक्तदान शिविर में युवाओं के साथ प्रशासनिक अधिकारी-कर्मचारियों ने भी बढ़-चढ़कर लिया भाग

नरसिंहगढ़। सेवा संकल्प अभियान के तहत सोमवार को सिविल अस्पताल परिसर में रक्तदान शिविर आयोजित किया गया। शिविर में युवाओं के साथ प्रशासनिक अधिकारी-कर्मचारियों और सामाजिक कार्यकर्ताओं ने भी बढ़-चढ़कर हिस्सा लेते हुए रक्तदान किया। शिविर के दौरान रक्तदाताओं में उत्साह देखने को मिला। रक्तदान के प्रति लोगों को जागरूक करने और अधिक से अधिक युवाओं को अभियान से जोड़ने के उद्देश्य से अस्पताल परिसर में सेल्फी पॉइंट भी बनाया गया था। रक्तदाताओं एवं अभियान में शामिल लोगों ने सेल्फी पॉइंट पर सेल्फी लेकर रक्तदान के प्रति जागरूकता का संदेश दिया। शिविर में 22 यूनिट रक्त एकत्रित किया गया। इस अवसर पर एसडीएम अजय सिंह पटेल, मंडल अध्यक्ष देवेंद्र सिंह, डॉ. गौरव त्रिपाठी, रमेश मालवीय, राजू जड़िया, वीरेंद्र सिंह, राजकुमार वर्मा, नितेश अग्रवाल, कपिल वैध सहित बड़ी संख्या में युवा एवं नागरिक उपस्थित रहे।

जिला पंचायत सदस्य दीपकसिंह चौहान ने की गणनायक की आराधना

मन्दसौर। निरंतर द्वितीय वर्ष ग्राम अफजलपुर में सर्वसमाज द्वारा कौमी एकता की थीम पर गणेश उत्सव का आयोजन किया जा रहा है। रविवार को जिला पंचायत सदस्य दीपकसिंह चौहान ने गणेशजी की आरती की। इस दौरान सामाजिक कार्यकर्ता सुरेश भाटी, जनपद सदस्य मुकेश बामनिया, सरपंच नंदकिशोर पाटीदार, एडवोकेट नीतिन मुंजी, धुंधड़का ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष शुभम राठौर आदि ने गणेशजी की आराधना कर क्षेत्र के सुख समृद्धि की कामना की। इस अवसर पर सर्वसमाज गणेश उत्सव समिति के पंकज भण्डारी, पंकज शर्मा, रमेश, राजेश जैन, असलम मंसूरी, मनीष शर्मा आदि द्वारा अतिथियों का स्वागत किया गया।

आराधना भवन में आचार्य हिरसूरिश्वरजी म.सा. की पुण्यतिथि मनाई गई

मंदसौर। मंगलवार को नईआबादी स्थित आराधना भवन में प.पू. मुनिश्री विरलविजयजी म.सा. की पावन प्रेरणा व निश्रा में तपागच्छीय आचार्य श्री हिरसूरिश्वरजी म.सा. की पुण्यतिथि मनायी गयी। भारत के सम्राट बादशाह अकबर को धर्म व अहिंसा का प्रतिबोध देने वाले आचार्य श्री हिरसूरिश्वरजी म.सा. के जीवन पर व्याख्यान देते हुये मुनि श्री विरलविजयजी ने कहा कि उनका जन्म पालनपुर में विक्रम संवत 1583 में हुआ था। कोहिनूर हिरे की भांति चमकने वाली काया वाले बालक का नाम उनकी माता नाथीबाई ने हिरा रखा। जन्म से ही उनकी माता व बाद में उनकी बड़ी बहन ने उन्हें धर्म के संस्कार दिये। माता पिता के देवलोकगमन के बाद वे अल्पआयु में ही बड़ी बहन विमला के साथ पाटन चले गये। वहां प.पू. श्री दानसूरीजी म.सा. के प्रभाव व प्रेरणा से उनके मन में वैराग्य भाव आया और उन्होने मात्र 13 वर्ष की आयु में विक्रम संवत 1596 में दीक्षा ली। उनका नाम हिरहर्ष मुनि रखा गया। उन्होंने दो गुरुभाई (मुनियों) के सानिध्य में प्राकृत, संस्कृत सहित कई भाषाओं का ज्ञान प्राप्त किया। 1697 (विक्रम संवत) को उन्हें पन्यास पदवी मिली तथा मात्र 3 वर्ष के बाद उन्हें विक्रम संवत 1607 में राजस्थान के सिरोही नगर में उन्हें मात्र 27 वर्ष की आयु में आचार्य पदवी मिली तथा कुछ वर्षों के बाद वे तपागच्छ के गच्छाधिपति बने। उन्होंने बादशाह अकबर जो कि हिंसा की प्रवृत्ति में लिन हिन्दुस्तान का सम्राट था उसे प्रतिबोध देकर अहिंसक बना दिया। उनके प्रभाव से अकबर ने पर्युषण पर्व में जीव हिंसा (बुचड खाने) पर प्रतिबंध आदेश जारी किया तथा जैन धर्म के प्रभाव को स्वीकार करते हुये जीवन में अहिंसा को भी अपनाया।

नीति व न्यायपूर्वक जीवन जियो मुनिश्री प्रत्यरक्षरत्न विजयजी

मंदसौर। मानव जीवन हमें कैसे जीना चाहिए यह हमें धर्म बिन्दू ग्रंथ प.पू. हरिभद्रसूरिजी म.सा. ने बताया है राग व द्वेष के कारण पृथ्वी पर हमारा बार-बार जन्ममरण हो रहा है यदि जन्म मरण के बन्धन से मुक्त होना है तो राग द्वेष से मुक्त होना होगा। अभी हमें जैन धर्म मिला है हम इस जन्म में देव, गुरु धर्म की प्रभावना करते हुये नीति व न्याय पूर्वक जीवन निर्वहन करेंगे तो इस भव में भी कल्याण होगा और अगले भव में भी। उक्त उद्गार प.पू. जैन संत मुनिराज श्री प्रत्यक्षरत्नविजयजी म.सा. ने जीवागंज स्थित राजेन्द्र विलास में आयोजित धर्मसभा में कहे। अपने मंगलवार को यहां धर्मसभा (व्याख्यान) में कहा कि मनुष्य को धन कमाने में ही नहीं बल्कि धर्म में भी पुरुषार्थ करना चाहिए। धर्मबिन्दु ग्रंथ हमें शरीर की नहीं आत्मा की चिन्ता करने की प्रेरणा देता है। जीवन में हम अनीति अधर्म से धन कमाते कमाते कभी धर्म की भी चिन्ता करते हैं कि नहीं जरा विचार करें। मानव की इच्छाये अनंत है इच्छाओं की पूर्ति हो यह आवश्यक नहीं है। मनुष्य की जरुरते तो पूरी हो जाती है लेकिन उसकी जो अनंत इच्छाये हैं वे कभी पूरी नहीं होती है मानव अपनी जरुरतों पर ध्यान दे, इच्छाओं से बाहर आने का प्रयास करे। हम जीवन भर सुख की कामना के पीछे दौड़ते हैं जिस प्रकार रेगिस्तान में प्यासा व्यक्ति पानी की तलाश में घूमता है तो उसे रेत भी पानी की तरह लगती है लेकिन वह रेत उसकी प्यास नहीं बुझा पाती है मृग (हिरण) भी कस्तूरी की तलाश में पूरे वन में घूमता है लेकिन उसे नहीं मालूम कि कस्तुरी उसके शरीर में ही है। हम भी सुख को बाहर ढूंढने की बजाय अपनी आत्म साधना में जीये। धर्मसभा में प.पू. पवित्ररत्नविजयजी म.सा. ने भी अपने विचार रखे।

उत्कृष्ट विद्यालय मंदसौर में पालक शिक्षक संघ की बैठक आयोजित



हरिभूमि न्यूज ⏭ मंदसौर

उत्कृष्ट विद्यालय मंदसौर में पालक-शिक्षक संघ की बैठक आयोजित की गई। बैठक का उद्देश्य विद्यालय एवं अभिभावकों के बीच बेहतर समन्वय स्थापित करते हुए विद्यार्थियों के शैक्षणिक एवं सर्वांगीण विकास पर चर्चा करना रहा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि शाला प्रबंध समिति के अध्यक्ष राजेश शर्मा रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता विद्यालय के प्राचार्य कैलाश चंद सोलंकी ने की। बैठक में परीक्षा प्रभारी एवं पालक-शिक्षक संघ प्रभारी विजय जोशी, वरिष्ठ शिक्षक बाबूलाल जोशी हरीश परिहार अनिल जैन एवं अमजद वारसी सहित शिक्षकगण एवं पालक उपस्थित रहे। बैठक में विद्यार्थियों की शैक्षणिक प्रगति, नियमित उपस्थिति, अनुशासन एवं आगामी परीक्षाओं की तैयारियों सहित विभिन्न शैक्षणिक गतिविधियों पर विस्तार से चर्चा की गई। शिक्षकों द्वारा पालकों को विद्यार्थियों की पढ़ाई पर नियमित ध्यान देने तथा घर एवं विद्यालय के बीच निरंतर समन्वय बनाए रखने के लिए प्रेरित किया गया। मुख्य अतिथि राजेश शर्मा ने विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य के लिए विद्यालय एवं पालकों के संयुक्त प्रयासों को महत्वपूर्ण बताया। प्राचार्य कैलाश चंद सोलंकी ने विद्यालय की शैक्षणिक गतिविधियों एवं विद्यार्थियों के हित में किए जा रहे प्रयासों की जानकारी दी। विद्यालय की सत्र 2026-27 की छात्र परिषद का बैच लगाकर सम्मान किया गया । बैठक के दौरान पालकों ने भी विद्यार्थियों से संबंधित सुझाव एवं विचार साझा किए। विद्यालय प्रबंधन एवं शिक्षकों ने पालकों के सुझावों पर सकारात्मक रूप से कार्य करने का आश्वासन दिया। बैठक का उद्देश्य विद्यार्थियों के बेहतर शैक्षणिक प्रदर्शन के साथ-साथ उनके अनुशासन, व्यक्तित्व विकास एवं उज्ज्वल भविष्य के लिए विद्यालय और अभिभावकों के बीच मजबूत सहभागिता सुनिश्चित करना रहा।

जिले के सुवासरा में 24 सितंबर को आयोजित होगा शिविर

हरिभूमि न्यूज ⏭ मंदसौर

मुख्यमंत्री जन विश्वास अभियान के अंतर्गत जिले की सुवासरा तहसील में 24 सितंबर को शिविर आयोजित होगा। कलेक्टर श्री दिव्यांक सिंह ने सभी अधिकारियों को शिविर की तैयारी के निर्देश जारी किए हैं। इस दौरान अभियान के अंतर्गत जन समस्याओं शिकायतों का निराकरण किया जाएगा संबंधित जनप्रतिनिधीगण अधिकारी कर्मचारी मौजूद रहेंगे। मुख्यमंत्री जन विश्वास अभियान के अंतर्गत सुवासरा के अलावा आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में 24 सितंबर को अधिकारियों द्वारा भ्रमण करके लोक संपर्क किया जाएगा। आमजन की शिकायत और समस्याओं का यथासंभव त्वरित निराकरण किया जाएगा। जिन शिकायतो समस्याओं के निराकरण में समय सीमा देनी होगी तो निश्चित समय सीमा दीजाएगी।

24 सितंबर को अधिकारियों द्वारा संपूर्ण सुवासरा क्षेत्र के वार्डो का भ्रमण किया जाएगा। इसके अलावा जिन ग्रामीण क्षेत्रों में भ्रमण किया जाएगा उनमें ग्राम बोलिया, रहीमगढ़, खेताखेड़ा, शक्करखेड़ी, विशनिया, एवं सुवासरा नगर परिषद का कोई एक वार्ड, नाहरगढ़, कचनारा, खजूरमाण्डा, खजूरीचंद्रावत, रणायरा, प्रतापपुरा, झलारा, कोटड़ाबहादूर, बेटीखेड़ी, पायाखेड़ी, रामगढ़, बर्डियागुर्जर, गाडरिया, अरिनयागौड़, बाजखेड़ी, मोतीपुरा, खजूरीगौड़, जमुनिया, कोटड़ामाता, सेदराकरनाली, काचरिया, बोरखेड़ी जागीर, कोटपिपलिया, शक्करखेड़ीजागीर, धलपट एवं सम्पूर्ण सुवासरा नगरीय क्षेत्र शामिल है।